


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 185 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शनिवार 23 अप्रैल 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## संपादक की कलम से...

### जीवन का एक और पड़ाव

**जीवन** संगनी कहो या साथी, यह साथ पूरे जीवन का होता है। हम सब आज भी तुम्हें हमेशा अपने साथ ही पाते हैं। निष्ठुर काल इसमें व्यवधान तो उत्पन्न करता है पर इस रिश्ते को छिन्न-भिन्न करने की क्षमता न उसमें कभी थी और न ही कभी होगी। हालांकि तुम जीवन-मृत्यु के चक्र से निकल कर स्वतंत्र हो चुकी हो पर हमें स्मरण है कि आज ही तुम्हारा इस धरती पर अवतरण हुआ था। इसलिए अवतरण दिवस की बधाई देने से हम स्वयं को वंचित नहीं करना चाहते। इसी बहाने कुछ पुरानी बातें याद कर लेते हैं और कुछ नई जानकारियों को साझा कर लेते हैं। तुम हमेशा कहती थी - मेहनत और निरंतरता का कोई विकल्प नहीं। हमने इसे अपने जीवन का एकमात्र सूत्र बनाया। श्रीकंचनपथ के रूप में हमने इस संघर्ष को एक नाम दिया। धारा के विपरीत तैरना हमारी जिद है। इसी जिजीविषा से हमने कोविड काल की चुनौतियों को मात दिया। कठिनाइयां और चुनौतियां सामने थीं पर हमारे पास इससे बाहर निकलने का सूत्र था - तुम्हारा ही दिया हुआ। हम लगे रहे, डटे रहे। इस बीच हमने राजधानी रायपुर में पदार्पण कर लिया। वहां एकाधिक दफ्तर स्थापित कर लिये। आज रायपुर में जिधर भी देखो, हमारे ही डिजिटल होर्डिंग्स नजर आते हैं। लोगों से जुड़ने का, लोगों को जोड़ने का जो सूत्र तुमने दिया था वह हर कदम पर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता रहता है। हां! एक बड़ी घटना हो गई। अब हम सिर्फ माता-पिता नहीं रहे। समधी-समधन भी बन गए। हमारे भाग्य के ताले खोलने के बाद बिटिया कंचन ने अब अपने जीवन साथी का हाथ थाम लिया है। परिवार बहुत अच्छा है - प्रतिष्ठित और बेहद सुलझा हुआ। संस्कारों के दौरान भिन्न-भिन्न रूपों में तुम्हारी उपस्थिति को हम सबने महसूस किया। जब तुमने किसी को निमित्त बनाकर हमारे बीच आने की चेष्टा की तो हर आंख डबडबा उठी। विवाह संस्कारों के दौरान सबकुछ अपने आप होता चला गया। ऐसा लगा कि नेपथ्य से तुम ही सबकुछ निर्देशित कर रही हो। शायद इसी को संस्कार कहते हैं जो बच्चों को मां से मिलते हैं। मित्रों का साथ तो था ही। हमने जो-जो सपना देखा था हमारे बच्चों ने उसे साकार कर दिखाया। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी अपने मजबूत हो चले कांधों पर उठा ली। तुम भी तो यही चाहती थी कि लोग अपनी जिम्मेदारियों को समझें और उसपर खरा उतरने की पूरी कोशिश करें। तुमने हमेशा स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च स्थान दिया। अपने जीवन में भी और अपनों के जीवन में भी। हम सब उसी रास्ते पर चल रहे हैं। अभी बस इतना ही....

राजेश अग्रवाल

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने की सौजन्य मुलाकात

# छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे नवाचारी योजनाओं का केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने की सराहना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री बघेल से मुलाकात के दौरान डॉ. सरकार ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा सहित स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में नवाचार का प्रयोग करते हुए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में सराहना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सरकार से चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में बच्चों की शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



प्रदेश में विद्यार्थियों को प्रारंभिक शिक्षा की सुविधा उनकी पहुंच क्षेत्र के भीतर उपलब्ध करा दी गई है। यहां छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए यथासंभव आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे भवन एवं आहता, शौचालय, पेयजल, प्रकाश, विद्युत, फर्नीचर, पुस्तकालय तथा प्रयोगशाला आदि सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ की जनता की भावनाओं एवं अंग्रेजी भाषा की वैश्विक मान्यता को देखते हुए राज्य के बच्चों के हित में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ के बच्चे भाग ले सकें और सफलता प्राप्त करें। इस उद्देश्य के साथ हमने राज्य में 52 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से इसकी शुरूआत की। वर्तमान में 171 विद्यालय संचालित हैं। इससे अब गरीब तबके और अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाने से वंचित ग्रामीण अंचल के लोगों में भी खुशी की लहर है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि इन विद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर के मूलभूत सुविधा जैसे आकर्षक शैक्षिक परिसर, उन्नत लैब, आधुनिक लाईब्रेरी, स्मार्ट क्लास रूम, पेयजल एवं शौचालय तथा खेल-कूद आदि की बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन विद्यालयों में छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना के अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए 512 बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश दिया गया है। इनमें पालकों की बढ़ती मांग को देखते हुए चालू शैक्षणिक सत्र से प्रत्येक क्लास में 40 सीटर की क्षमता को बढ़ाकर 50 तक कर दिया गया है। इसके साथ ही चालू वर्ष 2022-23 में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के समान 32 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय खोलने हेतु बजट में प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल से चर्चा के दौरान केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सरकार ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना, मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान तथा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और श्री धन्वंतरी दवा योजना आदि की भी सराहना की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि इन योजनाओं से शहरी क्षेत्र के साथ-साथ राज्य के दूरस्थ वनांचलों तक लोगों को इलाज की अच्छी सुविधा हो गई है। जिसके बेहतर परिणाम दिखाई दे रहा है। प्रदेश के 13 नगर निगमों में 2 अक्टूबर 2019 से शुरू हुई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का विस्तार अब समस्त नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों तक किया जा रहा है।

इसी तरह राज्य के बस्तर संभाग को मलेरिया, एनीमिया व कुपोषण से मुक्त कराने तथा शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के 5 चरण पूरे हो गए हैं, जिसमें अच्छी सफलता मिली। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान की कामयाबी के बाद पूरे प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में श्री धन्वंतरी दवा योजना का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। जिसमें सस्ती दवाएं मिलने की वजह से तीन महीने के दौरान लोगों द्वारा श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने पर उन्हें 17 करोड़ रूपए की बचत हुई है।

### कर्ज का दबाव झेल रहे देशों को बचाना जरूरी

# वित्त मंत्री सीतारमण ने विश्व बैंक से किया आगे आने का आग्रह

नई दिल्ली (एजेंसी) । अमेरिका की यात्रा पर पहुंची भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने दुनियाभर में कर्ज के जाल में फंसे देशों की हर संभव मदद करते हुए उनका बचाव करने की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी और वर्तमान में पैदा हुए भू-राजनैतिक हालात के बीच श्रीलंका जैसे देश जो कर्ज का भारी दबाव झेल रहे हैं उनकी मदद को आगे आने की जरूरत है।



विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष डेविड मालपास के साथ बैठक के दौरान सीतारमण ने कहा कि भू-राजनैतिक तनाव के कारण बढ़ती अनिश्चितता के कारण भारत वैश्विक सुधार को लेकर बेहद चिंतित है। बता दें कि निर्मला सीतारमण आईएमएफ-विश्वबैंक स्प्रिंग मीटिंग-2022 में शामिल होने के लिए अमेरिका के वाशिंगटन में हैं। यहां उन्होंने कहा कि दुनिया में अनिश्चितता के माहौल के बीच सभी देशों को एकजुटता दिखाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि महामारी और अनिश्चितता के बीच कर्ज का दबाव झेल रहे देशों की मदद के लिए विश्व बैंक को उनके बचाव के लिए आगे आने की जरूरत है। वहीं इस समय श्रीलंका को खास तरजीह देने की आवश्यकता है, जो कि इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। गौरतलब है कि श्रीलंका, भारत का पड़ोसी देश है और इस समय देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। विदेशी मुद्रा भंडार के लगभग खत्म होने के कारण देश जरूरी सामनों का आयात तक नहीं कर पा रहा है और इसके चलते देश में महंगाई आसमान छू रही है।

### देश छोड़ भारत पहुंचे कई श्रीलंकाई

गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के 18 और नागरिक शुक्रवार को भारत पहुंचे। रिपोर्ट में बताया गया जिले के धनुषकोडी में तड़के पहुंचने वाले इन असहाय परिवारों को मंडपम शरणार्थी शिविर में ठहराया गया है। भारत पहुंचे श्रीलंका के नागरिक देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने वाले गंभीर संकट को लेकर निराश दिखे और उन्होंने बताया कि वह वहां मिल्क पाउडर भी वहन नहीं कर पा रहे थे। साथ ही उन्होंने सरकार पर नागरिकों को लेकर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इन 18 लोगों में बच्चे भी शामिल थे। यह लोग दो जत्थों में दो नावों के जरिए भारत आए।

# बिजली की चपेट में आने से आधा दर्जन मवेशियों की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले के करतला ब्लॉक में बिजली की चपेट में आने से आधा दर्जन मवेशियों की मौत हो गई। यहां 11 केवी का हाईटेंशन लाइन खेतों के ऊपर से गया हुआ है। इनमें एक तार काफी झुका हुआ था। शुक्रवार को तार टूटकर खेतों मे चर रहे मवेशियों के पर गिर गया जिससे 6 मवेशियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश है। मिली




जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के करतला ब्लॉक में ग्राम पंचायत सीस में 11 केवी की बिजली लाइन खंबे से काफी नीचे झूल रहा था। इस लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग में शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन बिजली विभाग से इस पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों को इससे दुर्घटना की आशंका थी। आखिरकार शुक्रवार को दुर्घटना हो गई। बताया जा रहा है कि खेतों मे मवेशियों के चरने के दौरान बिजली का तार टूट कर गिर गया। तार गिरने से इसकी चपेट में 6 मवेशी आ गए। बिजली लगने सभी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने इसके लिए बिजली विभाग की लापरवाहीं को जिम्मेदार ठहराया है।

### शार्ट सर्किट से जूते की दुकान में लगी आग, हुआ लाखों का नुकसान

**तिल्दा।** तिल्दा बिजली ऑफिस के सामने स्थित जूते की दुकान में सुबह आग लग गई. सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आगजनी से दुकानदार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है. बिजली ऑफिस के सामने राजधानी शूट को सुबह 10 बजे दुकान संचालक अजय वर्लियानी ने जैसे ही खोला, उसके कुछ देर बाद ही दुकान में आग लग गई. देखते ही देखते कुछ देर में आग पूरी दुकान में फैल गई. सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. कयास लगाए जा रहे हैं कि शार्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लगी होगी।








## संपादकीय

# राजनय की मजबूती

भारत और ब्रिटेन के बीच जो नजदीकी देखी गई है, उसे आने वाले वर्षों तक याद किया जाएगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का भारत दौरा दर्ज करने लायक मोड़ साबित हो सकता है। ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहता है, साथ ही, रक्षा मामलों में भी भारत के साथ सहयोग बेहतर करने को लालायित है। हो सकता है, ब्रिटेन की यह कोशिश इसलिए भी हो कि रूस पर भारत की निर्भरता कम हो जाए, लेकिन तब भी भारत जिस तरह से अपना हित देखते हुए मजबूती से आगे बढ़ रहा है, वह मानीखेज है। खास कामयाबी यह कि ब्रिटेन भारत को एक ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंस जारी करेगा, जिससे रक्षा खरीद आपूर्ति में कम समय लगेगा। इसके अलावा ब्रिटेन लड़ाकू जेट बनाने में भी भारत की मदद करेगा। हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ाने की दिशा में भी वह मदद करना चाहता है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य क्षेत्र में ब्रिटेन ने भारत में निवेश बढ़ाने की बात भी की है। इतना ही नहीं, दोनों देश इसी साल के अंत तक एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता भी करने वाले हैं। इस तरह का समझौता पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन अगर ब्रिटेन इस दिशा में अब बढ़ रहा है, तो भारत की बढ़ी हुई अहमियत को हम नजरंदाज नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बोरिस जॉनसन के बीच जो गर्मजोशी देखी गई है, उस पर न केवल भारतीय कूटनीतिज्ञों, बल्कि दुनिया की भी नजर होगी। दोनों ही नेता परस्पर संबंध विस्तार के लिए व्यग्र नजर आ रहे हैं, तो दुनिया के बदलते हालात की भी इसमें भूमिका है। कूटनीतिज्ञ भी इस बात को रेखांकित करते हैं कि विश्व की राजनीति में आज भारत का जो महत्व है, वह पहले नहीं था। पहले अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भारत व पाकिस्तान के साथ एक समान व्यवहार के लिए बाध्य दिखते थे। शीतयुद्ध के दौर में दोनों देशों को एक ही तराजू पर रखकर चलने की वैश्विक कोशिश ने भारत को कई बार बहुत निराश किया है। हम अपना पक्ष रखते तो थे, लेकिन उससे लाभ नहीं ले पाते थे। अब ऐसा लगता है कि दुनिया खुद आगे बढ़कर भारत के बारे में सोचना चाहती है। अमेरिकी विदेश मंत्री हों या रूसी विदेश मंत्री या चीनी विदेश मंत्री या अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, ये तमाम यात्राएं भारतीय शक्ति का प्रमाण हैं। हमें पाकिस्तान के साथ तौलने का पश्चिमी तराजू अब शायद टूट चुका है। हमें विश्व-राजनय में अपनी वाजिब जगह और मजबूती, दोनों को कायम रखना है। एक और ताजा मामला देखें, तो एक अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने पाक-अधिकृत कश्मीर की यात्रा की, जिस पर भारत ने आपत्ति जताई, इसके बाद अमेरिकी सरकार को स्पष्ट करना पड़ा कि डेमोक्रेट सांसद की यात्रा से बाइडन सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। दुनिया में अभी कोई ऐसा देश नहीं है, जो भारत को रूस का पुराना साथी होने के नाते कठघरे में खड़ा कर दे। भारत बहुत संभलकर चल रहा है। वह न तो रूस के खिलाफ गया है, न ही यूक्रेन के विरोध में खड़ा दिखा है। यह संतुलन भारतीय राजनय का नया सशक्त पहलू है। हर हाल में भारत को अपना हित देखते हुए चलना है। साथ ही, यह भी ध्यान रखना है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है, कोई भी देश भारत को सिर्फ बाजार मानकर न चले। संबंधों का विस्तार उन्हीं देशों के साथ होना चाहिए, जिनको हमारी पीड़ाओं का भी अंदाजा हो। राजनय की मजबूती देश के विकास में साकार होनी चाहिए।

> “ यह संतुलन भारतीय राजनय का नया सशक्त पहलू है। हर हाल में भारत को अपना हित देखते हुए चलना है। साथ ही, यह भी ध्यान रखना है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है, कोई भी देश भारत को सिर्फ बाजार मानकर न चले।

## देह से आसक्ति कैसी

एक देवता और एक असुर किसी महापुरुष के पास आत्म-जिज्ञासु होकर गए। उन्होंने उन महापुरुष के पास एक अरसे तक रहकर शिक्षा प्राप्त की। कुछ दिनों बाद महापुरुष ने उनसे कहा, 'तुम लोग जिसको खोज रहे हो, वह तो तुम्हीं हो।' उन दोनों ने सोचा, 'तो देह ही आत्मा है।' फिर यह सोचकर कि जो कुछ मिलना था, मिल गया, संतुष्ट चित्त से वे अपनी-अपनी जगह प्रस्थान कर गए। अपने-अपने स्थान पर पहुंचकर दोनों ने आत्मीय जनों से कहा, 'जो कुछ सीखना था, सब सीख आए। अब आओ, आनंद में दिन बिताएं- हमी वह आत्मा हैं; इसके सिवा और कोई वस्तु नहीं। असुर का स्वभाव अज्ञान से ढका हुआ था, इसलिए इस विषय में उसने आगे अधिक अन्वेषण नहीं किया। अपने को ईश्वर समझकर पूर्ण रूप से संतुष्ट हो गया, उसने 'आत्मा' शब्द से देह समझा। परंतु देवता का स्वभाव अपेक्षाकृत पवित्र था। वह भी पहले इस भ्रम में पड़े थे कि 'मैं' का अर्थ यह शरीर ही है; देह ही ब्रह्म है, इसलिए इसे स्वस्थ और सबल रखना, सुंदर वस्त्रादि पहनना और सब प्रकार दैहिक सुखों का भोग करना ही कर्तव्य है। परंतु कुछ दिन बीत जाने पर उन्हें यह बोध होने लगा कि गुरु के उपदेश का अर्थ यह नहीं हो सकता कि देह ही आत्मा है; वरन् देह से श्रेष्ठ कुछ अवश्य है। तब उन्होंने गुरु के निकट आकर पूछा, 'आपके वाक्य का क्या यह तात्पर्य है कि देह ही आत्मा है? परतु यह कैसे हो सकता है? सभी शरीर नष्ट होते हैं, पर आत्मा का तो नाश नहीं।' आचार्य ने कहा, 'तुम स्वयं इसका निर्णय करो, तुम वही हो- तत्त्वमसि।' वह देवपुंगव लौट गए, तब उनको ज्ञान हुआ, 'मैं समस्त मनोवृत्तियों के परे एकमेवाद्वितीय आत्मा हूं। मेरा जन्म नहीं, मृत्यु नहीं, मुझे तलवार नहीं काट सकती, आग नहीं जला सकती, हवा नहीं सुखा सकती, जल नहीं गला सकता, मैं अनादि हूं, जन्मरहित, अचल, अस्पर्श, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान पुरुष हूं। आत्मा शरीर या मन नहीं, यह तो इन सबके परे है।' इस प्रकार से देवता ज्ञानप्रसूत आनंद से तृप्त हो गए। पर उस असुर बेचारे को सत्य लाभ न हुआ, क्योंकि देह से उसको अत्यंत आसक्ति थी। इस जगत में असुर प्रकृति के अनेक लोग हैं; फिर भी देवता प्रकृति वाले बिल्कुल न हों, ऐसा भी नहीं।

-स्वामी विवेकानंद

> “ यदि खुदरा मुद्रास्फीति जल्द ही कम नहीं होती है और आर्थिक सुधार में देरी होती है, तो सरकार को सबसे कमजोर लोगों को अधिक से अधिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। ऐसे अनिश्चित माहौल में जब मौसम की चरम स्थितियां बढ़ती जा रही हैं, तो हमारे लिए जलवायु परिवर्तन उतना ही महत्वपूर्ण कारक होना चाहिए और खाद्यान्न के बारे में हमारी चर्चा में मौसम की चरम घटनाओं से निपटने की आवश्यकता शामिल होनी चाहिए।

# आर्थिक सुधार में देरी सरकार की बढ़ेंगी मुश्किलें

पत्रलेखा चटर्जी



दक्षिणी दिल्ली की लाल गुंबद बस्ती, जहां ज्यादातर लोग दिहाड़ी मजदूर के रूप में अपना जीवन यापन करते हैं, उस अव्यवस्थित क्षेत्र का हिस्सा है, जिसे 'अनौपचारिक क्षेत्र' कहा जाता है। यह चौदहवीं सदी के सूफी संत की मजार से थोड़ी ही दूरी पर स्थित है। यह पंचशील पार्क से भी नजदीक ही है, जो दिल्ली का पॉश इलाका है। इस भीड़-भाड़ वाली कॉलोनी में रहने वाले अधिकांश परिवारों के घर में शौचालय या नल नहीं हैं। हर सुबह कुछ सामुदायिक शौचालयों के बाहर लंबी कतारें लगती हैं। हालांकि कुछ लोगों को पाइप से पानी मिलता है।

दिसंबर, 2020 में, इस बस्ती की कई महिलाएं थोड़े समय के लिए मुखर हुई थीं। उनमें से कई ने दिल्ली रोजी-रोटी अधिकार अभियान नामक सिविल सोसाइटी समूह द्वारा आयोजित 'भूख सुनवाई' में अपनी बातें रखी थीं। मैंने उनके लाइव वीडियो देखे थे। उन्होंने शहर के कई गरीबों के बीच भोजन के संकट की कठोर वास्तविकता को उजागर किया था, जो अपनी नौकरी खो चुके थे और कोविड-19 महामारी की शुरुआत के साथ गहरे कर्ज में डूब गए थे। तबसे मैं कई बार लाल गुंबद बस्ती जा चुकी हूं। हाल ही में मैं एक बार फिर उस बस्ती में गई।

इस बार भी मैंने जिन लोगों से बात की, उनके मन में सबसे ऊपर भोजन का विषय था। दो बच्चों की मां और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता बाई चिंतित थीं। उन्होंने बताया कि वह खाना पकाने के लिए 15 किलोग्राम के खाद्य तेल का कनस्तर लेती हैं, जिसकी कीमत दो साल पहले 2,200 रुपये थी, जो अब बढ़कर 3,000 रुपये हो गई है। और इतना ही नहीं, खाना पकाने के तेल से लेकर सब्जी, रसोई गैस और दूध-सभी चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं।

उनके पड़ोस की एक गृहिणी संजू (जिनके पति वेटर का काम करते हैं और जिनके दो बच्चे हैं) का कहना है कि परिवार के पास कोई बचत नहीं है और खाने-पीने की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। वह इस बात को लेकर चिंतित हैं कि नए शैक्षणिक वर्ष में बच्चों के स्कूल की फीस कैसे चुकाई जाएगी। उस परिवार ने अपने आहार में सब्जियों की कटौती कर दी है। बच्चों को भी कम दूध दिया जाता है और बड़े लोग कम चाय पीते हैं। वह कहती हैं कि 'हम अपने मित्रों को ज्यादा आमंत्रित नहीं करते हैं। पैसे कहां हैं?'

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) ने तीव्र भुखमरी को दूर करने में मदद की है। यह गरीबों के लिए केंद्र सरकार की मुफ्त खाद्यान्न योजना है, जिसमें सरकार प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलोग्राम चावल और गेहूं मुफ्त में देती है। इस योजना से लगभग 80 करोड़ लोगों को लाभ मिलता है और हाल ही में इसे आगामी सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। लेकिन गरीबों का गुजारा भी सिर्फ गेहूं या चावल खाने से नहीं होता है। उनकी दूसरी जरूरतें भी हैं।

जब खाने-पीने की चीजों की कीमतें अधिक होती हैं, तो कई लोगों के पास कम खाने या सस्ता और कम गुणवत्ता वाला खाना खाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है। फिर और भी खर्चे हैं और सब पर महंगाई भारी है। परांठे बेचने वाली एक बुजुर्ग विधवा ने मुझे बताया कि ऐसे दिन भी आते हैं, जब हाथ में पैसे नहीं होते हैं और वह एक चपाती, नमक और थोड़ा अचार खाकर सो जाती हैं। वह अपने परांठों की कीमत नहीं बढ़ा सकतीं, क्योंकि उनके ग्राहक भी बुरे समय से गुजर रहे हैं और अगर वह अधिक पैसे लेंगी, तो वे कहीं और जा सकते हैं।

ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी ने परिवहन लागत के साथ सभी को प्रभावित किया है। जबकि कम बचत और कम सामाजिक सुरक्षा वाले गरीब सबसे बुरी तरह से प्रभावित हैं। मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवार भी हाल के दिनों में भोजन और ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि के चलते बेहद कठिन समय से गुजर रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में कई मध्यम वर्गीय परिवारों ने अपने परिवार के कमाने वाले व्यक्ति को नौकरी खोते देखा है; कई लोग कम कमा रहे हैं और कर्ज में भी हैं।


हैरानी की बात नहीं कि लोग कम खरीदारी कर रहे हैं, कम खाना खा रहे हैं और गैर-जरूरी खर्चों में कटौती कर रहे हैं। यह निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डालेगा। और सबको अपने बच्चों के भविष्य की चिंता है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहता है और वैश्विक आपूर्ति शृंखला बाधित रहती है, तो उपभोक्ताओं को आने वाले महीनों में कीमतों के मोर्चे पर और भी अधिक कष्ट सहने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। खुदरा मुद्रास्फीति के जोखिम अधिक व्यापक होते जा रहे हैं। अन्य संकेत भी परेशान करने वाले हैं।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल मार्च के महीने में अत्यधिक गर्मी ने गेहूं की फसल को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया है और इससे गेहूं की पैदावार में पंद्रह से बीस फीसदी की कमी आ सकती है। फिर रूस के यूक्रेन पर हमले के दुष्प्रभाव के रूप में गेहूं निर्यातकों द्वारा वैश्विक गेहूं की कीमतों में तेज वृद्धि का फायदा उठाने की बातें की जा रही हैं। सरकार के पास खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है, जिसे खुले बाजार में कीमतों में और वृद्धि होने पर विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करना चाहिए। हर कोई मुफ्त खाद्यान्न का हकदार नहीं है और खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी अति समृद्ध परिवारों को छोड़कर सबको प्रभावित कर रही है।

यदि खुदरा मुद्रास्फीति जल्द ही कम नहीं होती है और आर्थिक सुधार में देरी होती है, तो सरकार को सबसे कमजोर लोगों को अधिक से अधिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। ऐसे अनिश्चित माहौल में जब मौसम की चरम स्थितियां बढ़ती जा रही हैं, तो हमारे लिए जलवायु परिवर्तन उतना ही महत्वपूर्ण कारक होना चाहिए और खाद्यान्न के बारे में हमारी चर्चा में मौसम की चरम घटनाओं से निपटने की आवश्यकता शामिल होनी चाहिए। संकट की घड़ी में भोजन के बारे में हमारी चर्चा खुशनुमा नहीं होगी, लेकिन हमें इसके बारे में जरूर बातचीत करनी चाहिए, और वास्तविकताओं का सामना करना चाहिए।

# झगड़े का मुंह हमेशा के लिए काला ही रहे

मोहनदास करमचंद गांधी, स्वतंत्रता सेनानी



हिन्दुस्तान में चाहे जिस धर्म के लोग रह सकते हैं; उससे यह एक-राष्ट्र मिटने वाला नहीं है। जो नए लोग उसमें दाखिल होते हैं, वे उसकी प्रजा को तोड़ नहीं सकते, वे उसकी प्रजा में घुल-मिल जाते हैं। ऐसा हो, तभी कोई मुल्क एक राष्ट्र माना जाएगा। ऐसे मुल्क में दूसरे लोगों का समावेश करने का गुण होना चाहिए। हिन्दुस्तान ऐसा था और आज भी है। यों तो जितने आदमी उतने धर्म ऐसा मान सकते हैं। एक-राष्ट्र होकर रहने वाले लोग एक-दूसरे के धर्म में दखल नहीं देते; अगर देते हैं, तो समझना चाहिए कि वे एक-राष्ट्र होने के लायक नहीं हैं। अगर हिंदू मानें कि सारा हिन्दुस्तान सिर्फ हिंदुओं से भरा होना चाहिए, तो यह एक निरा सपना है। मुसलमान अगर ऐसा मानें कि उसमें सिर्फ मुसलमान ही रहें, तो उसे भी सपना ही समझिए। फिर भी हिंदू, मुसलमान, पारसी, ईसाई, जो इस देश को अपना वतन मानकर बस चुके हैं, एक-देशी, एक-मुल्की हैं; वे देशी-भाई हैं; और उन्हें एक-दूसरे के स्वार्थ के लिए भी एक होकर रहना पड़ेगा। दुनिया के किसी भी हिस्से में एक राष्ट्र का अर्थ एक-धर्म नहीं किया गया है; हिन्दुस्तान में तो ऐसा था ही नहीं। कट्टर वैर शब्द दोनों के दुश्मन ने खोज निकाला है। ...हिंदू लोग मुसलमान बादशाहों के मातहत और मुसलमान हिंदू राजाओं के मातहत रहते आए हैं। दोनों को बाद में समझ में आ गया कि झगड़ने से कोई फायदा नहीं। इसलिए दोनों ने मिलकर रहने का फैसला किया। झगड़े तो फिर से अंग्रेजों ने शुरू करवाए। 'मियां और महादेव की नहीं बनती', इस कहावत को भी ऐसा ही समझिए। कुछ कहावतें हमेशा के लिए रह जाती हैं और नुकसान करती ही रहती हैं। हम कहावत की धुन में इतना भी याद नहीं रखते कि बहुतेरे हिंदुओं और मुसलमानों के बाप-दादे एक ही थे, हमारे अंदर एक ही खून है। क्या धर्म बदला इसलिए हम आपस में दुश्मन बन गए? धर्म तो एक ही जगह पहुंचने के अलग-अलग रास्ते हैं। हम दोनों अलग-अलग रास्ते लें, इससे क्या हो गया, उसमें लड़ाई काहे की?

और ऐसी कहावतें तो शैवों और वैष्णवों में भी चलती हैं, पर इससे कोई यह नहीं कहेगा कि वे एक-राष्ट्र नहीं हैं। वेदधर्मियों और जैनों के बीच बहुत फर्क माना जाता है, फिर भी वे अलग राष्ट्र नहीं बन जाते। हम गुलाम हो गए, इसीलिए अपने झगड़े हम तीसरे के पास ले जाते हैं। जैसे मुसलमान मूर्ति का खंडन करने वाले हैं, वैसे हिंदुओं में भी मूर्ति का खंडन करने वाला एक वर्ग देखने में आता है। ज्यों-ज्यों सही ज्ञान बढ़ेगा, त्यों-त्यों हम समझते जाएंगे कि हमें पसंद न आने वाला धर्म दूसरा आदमी पालता हो, तो भी उससे वैर भाव रखना हमारे लिए ठीक नहीं है, हम उस पर जबरदस्ती न करें, लेकिन क्या तमाम हिंदू अहिंसक हैं? सवाल की जड़ में जाकर विचार करने पर मालूम होता है कि कोई भी अहिंसक नहीं है, क्योंकि जीव को तो हम मारते ही हैं, लेकिन इस हिंसा से हम छूटना चाहते हैं, इसलिए अहिंसक कहलाते हैं।

जो टेढ़ा नहीं देखना चाहते, वे देख सकेंगे कि कुरान शरीफ में ऐसे सैकड़ों वचन हैं, जो हिंदुओं को मान्य हैं; भगवद्गीता में ऐसी बातें लिखी हैं कि जिनके खिलाफ मुसलमानों को कोई एतराज नहीं हो सकता। कुरान शरीफ का कुछ भाग मैं न समझ पाऊं या कुछ भाग मुझे पसंद न आए, इस वजह से क्या मैं उसे मानने वाले से नफरत करूंगा? मुझे झगड़ा नहीं करना हो, तो मुसलमान क्या करेगा? और मुसलमान को अगर झगड़ा न करना हो, तो मैं क्या कर सकता हूं? सब लोग अपने-अपने धर्म का स्वरूप समझकर उससे चिपके रहें और शास्त्रियों व मुल्लाओं को अपने बीच में न आने दें, तो झगड़े का मुंह हमेशा के लिए काला ही रहेगा।

(हिंद स्वराज से साभार)

## राजनीति में छाया है बुलडोजर

दुनिया के सामने पहली बार कब आया बुलडोजर? असल में, बुलडोजर को साल 1923 में जेम्स कमिंग्स और जेएल मेकलॉयड ने बनाया था। उन्होंने एक विशाल धातु की ब्लेड बनाई और उसे एक ट्रैक्टर के आगे लगा दिया। इससे खेतों में मिट्टी और खर-पतवार आसानी से हटाए जा सकते थे। निर्माण-कार्यों और खेती के काम में यह मशीन बहुत उपयोगी साबित हुई। आगे चलकर इसमें कई और सुधार किए गए। बुलडोजर का राजनीतिक कनेक्शन अमेरिका से भी है। बुलडोज शब्द का अर्थ होता है, प्रभावशाली दमन। इस शब्द का पहली बार चलन अमेरिका में शुरू हुआ 1880 के दशक में। सैक सार्जेंट और माइकल अलविस की किताब बुलडोजर्स के अनुसार, बुलडोज का इस्तेमाल अमेरिका में 1880 के दशक में विरोधियों की आवाज दमनकारी तरीके से दबाने या उनसे अपनी इच्छा के अनुसार काम करवाने के लिए किया जाता था।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239




























# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मोदी सरकार की लापरवाही के कारण देश में अभूतपूर्व कोयला संकट - कांग्रेस

**रायपुर।** मोदी सरकार की लापरवाही के कारण देश अभूतपूर्व कोयला के संकट से जूझ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कोयलें की कमी का हल नहीं निकाला गया तो सारे देश में बिजली संकट और ब्लेक आऊट की स्थिति हो जायेगी। दुर्भाग्य जनक है कि कोयला संकट में केन्द्र सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुयी है। देश भर के पावर प्लांटों के पास बमुश्किल से 10 प्रतिशत अर्थात एक सप्ताह से भी कम कोयला नहीं बचा है। रोलिंग मिल, सीमेंट कंपनिया सहित तमाम उद्योगो कायेले के संकट के कारण बंदी के कागार पर खड़े है। देश के अनेक राज्यों में थर्मल पावर स्टेशन कोयला न मिलने के कारण बंद हो गये है। एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ में भी नान पावर सेक्टर के उद्योगो के कोयले की आपूर्ति में कटौती कर दिया है। इसके कारण राज्य के छोटे और मझोले. उद्योग भी अभूतपूर्व कोयले के संकट से परेशानी में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार देश को चलाने में असफल साबित हो रही है। मोदी सरकार देश की अब तक की सबसे अकर्मण्य सरकार है। इनके पास देश के विकास का न कोई विजन है और न ही कोई कार्य योजना। आजादी के बाद देश में इस तरह का कोयला संकट कभी नहीं आया। हमारे पास दुनिया का एक तिहाई कोल भंडार है। पूर्ववर्ती सरकारों ने देश की आवश्यकता के अनुरूप कोयले की उत्खनन पर जोर दिया। यही कारण है कि भारत को अपने घरेलू आवश्यकतओं की आपूर्ती के लिये कभी परेशानी नहीं हुई। मोदी सरकार ने 7 साल में कोल उत्पादन और उत्खनन के लिये कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाया। यूपीए सरकार को कोल आंबटन का झूठा आरोप लगाकर बदनाम कर सत्ता में आई मोदी सरकार खुद कोल ब्लाक आबंटन के लिये नीति नहीं बना पाई हमेशा से दिग्भ्रमित रही है। उसका खामियाजा अब देश को उठाना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि मोदी सरकार ने राज्यों के विद्युत उत्पादन ईकाईयों से कहा है कि वे अपने विद्युत उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत हिस्सा आयातित कोयला विद्युत उपयोग करें। देश में उत्पादित कोयला विद्युत कंपनियों को लगभग 4 हजार रू. प्रति टन पड़ता है। विदेशो से आयातित कोयले की कीमत 20 हजार रू. प्रति टन के लगभग बैठती है।

## चेम्बर ने खाद्य मंत्री को खाद्य तेल एवं तिलहन पर स्टाक सीमा में वृद्धि करने हेतु ज्ञापन सौंपा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल खाद्य मंत्री अमरजीत सिंह भगत जी से मिलकर भारत सरकार, उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा खाद्य तेलों एवं खाद्य तिलहनों की उचित कीमत पर पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 30 जून 2022 तक की अवधि के लिये अधिकतम संधारित किये जाने योग्य स्टॉक लिमिट के निर्धारण के संबंध में ज्ञापन सौंपा। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि भारत सरकार ने खाद्य तेल एवं तिलहन स्टॉक लिमिट लगाने का फैसला किया है। इस सिलसिले में खाद्य मंत्रालय ने एक



नोटिफिकेशन जारी किया है। श्री पारवानी ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य की आबादी लगभग 3 करोड़ है। शादी ब्याह के सीजन और बढ़ते हुए व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए खाद्य तेलों एवं खाद्य तिलहन में अलग-अलग तरह की वैराईटी पाई जाती है। खाद्य तेल एवं खाद्य तिलहन अर्थात् सोयाबीन, सोयाबीन तेल, सरसों, सरसों तेल, फल्ली, फल्ली तेल, अलसी, अलसी तेल, एवं अन्य तिलहन और तेल की जीन्स रहती है तथा इन सभी में अलग-अलग ब्रांड आते हैं। चूंकि एक होलसेल दुकानदार द्वारा इन सब चीजों की रेंज मेंटेन करने के लिये स्टॉक की सीमा ज्यादा होती है।

श्री पारवानी ने खाद्यमंत्री जी से अनुरोध किया कि थोक विक्रेताओं को खाद्य तेल में 2500 क्विंटल और खुदरा व्यवसायियों को खाद्य तेल में 1000 क्विंटल तथा थोक विक्रेताओं को खाद्य तिलहन में 4000 क्विंटल और खुदरा व्यवसायियों को खाद्य तिलहन में 200 क्विंटल की स्टॉक सीमा निर्धारित करने की कृपा करेंगे, जिससे कि राज्य में खाद्य तेलों की सुगमता बरकरार रहेगी तथा मांगो के अनुरूप आपूर्ति करने में सहायता मिलेगी।

खाद्य मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने ज्ञापन के अवलोकन के पश्चात् सहानुभूतिपूर्वक विचार कर सकारात्मक आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में चेम्बर सलाहकार अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, मंत्री नीलेश मूंधड़ा, दिलीप इसरानी, जवाहर थौरानी, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रदेश कार्यसमिति बैठक आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संपन्न हुई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक राजेंद्र फड़के जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत देशभर में बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए एवं उनको प्रोत्साहित करने के लिए या अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। उन्होंने बेटियों के संदर्भ में कहते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में पुरुषों से बराबरी करके चल रही है चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र हो। घर का विकास हो, चाहे समाज का विकास हो, चाहे प्रदेश का विकास हो या फिर राष्ट्र का विकास हो बेटियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है साथ ही साथ समाज में बेटियों के योगदान को बताना है। इस दौरान उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के कार्यों की प्रशंसा भी किया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रदेश प्रभारी विभा राव ने कहा कि आज हम इस अभियान के तहत बेटियों के विकास एवं उनको हर कार्य क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए यह अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रदेश संयोजक अंजय शुक्ला ने कहा कि इस अभियान के तहत हम गांव गांव एवं घर घर जाकर बेटियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए लोगों को लगातार जागृत किया जा रहा है। भाजपा मंडल स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक इस कार्य के विस्तार को लेकर लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत पिछले 2 महीनों में हमने लगातार बैठक कर चर्चा किया है।

## प्रदेश में कई स्थानों पर तेज हवाओ व गरज-चमक के साथ हुई हल्की से मध्यम वर्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भीषम गर्मी के दौरान शुक्रवार को राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के अन्य कई स्थानों पर तेज हवाओ और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

स्थानीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आज रायपुर, पखांजूर, सरायपाली, कुनकुरी, मैनपुर, दुलदुला, भानुप्रतापपुर, धमधा, दरभा, बागबाहरा, अंतागढ़, राजनांदगांव, दुर्गकोंदल, बालोद, बेरला, गुरूर, पिथौरा, डौंडी, मानपुर, जशपुरनगर, दुर्ग, कुरूद, छूरा, मगरलोड, महासमुंद सहित अन्य कुछ स्थानों पर तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हुई। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ छींटे भी पड़े। वहीं जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के पत्थलगांव के दुलदुला थाना क्षेत्र में एक घर पर आकाशीय बिजली गिरने से घर में सो रहे एक युवक पर घर की दीवार टूट कर गिर गयी जिससे दबकर उसकी मौत हो गई।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है, जिसके कारण प्रदेश में 23 अप्रैल को उत्तरी क्षेत्र में उत्तर से हवा तथा दक्षिणी क्षेत्र में दक्षिण से हवा आने की संभावना है। इससे एक-दो स्थानों पर अंधड़ के साथ हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

## आकांक्षी जिला दंतेवाड़ा में नवाचारों को केन्द्र सरकार ने सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** केन्द्रीय संचार राज्य मंत्री श्री देवुसिंह चौहान 19 से 22 अप्रैल तक दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आए। इस दौरान उन्होंने आंकाक्षी जिला दन्तेवाड़ा का भ्रमण कर विकास कार्यो का अवलोकन किया। उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों विशेषकर नवाचारों की जमकर तारीफकी। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ आकांक्षी जिलों के परिवर्तन की योजना बनाई थी, वह दन्तेवाड़ा जिले में साकार होती दिख रही हैं।

श्री चौहान ने हारम स्थित डेनेक्स गारमेंट फैक्ट्री देखने पहुंचे और वहां कार्यरत महिलाओं से उनके आय और जीवन में हुए बदलाव के संबंध में चर्चा की । डेनेक्स में कार्यरत महिलाओं ने श्री चौहान को डेनेक्स ब्रांड नेहरू जैकट भेंट किया। श्री चौहान ने महिलाओं द्वारा



तैयार कपड़े देखे और उनके काम की जमकर सराहना की।

श्री चौहान ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की दीदियों द्वारा बनाये गए उत्पादों का भी अवलोकन किया। श्री चौहान ने समूह की दीदीयों और स्वयं-सेवी संगठनो के साथ जिले में महिलाओं को सशक्त और उद्यमी बनाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने झोडियाबाड़म की बिहान समूह की दीदीयों से गौठान में संचालित मल्टीएक्टविटी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि गौठानों में हर्बल फिनाइल, गोबर से बने दिए, पोहा, रेड पोहा, कोदो, बेंडा का पाउडर, महुआ लडडू, महुवा हलवा, जेम, रागी बिस्कूट, ढेंकी चावल, दलिया, ऐक्रेरियम, डैनेक्स कंसेप्ट जैसे कई उत्पाद तैयार किए जा रहे है।

दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान श्री चौहान ने चितालंका देवगुड़ी पहुंचकर दर्शन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने ग्रामीणों से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम स्वरोजगार केन्द्र योजना से मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी ली। श्री चौहान के समक्ष नाट्य मंचन कर योजनाओं की जानकारी दी गई और हर ग्राम पंचायतो को आदर्श पंचायत बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया गया।

### विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की मदद के लिए जिक प्रशासन की विशेष पहल

## कैम्प के माध्यम से दी जा रही आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की विभिन्न आवश्यकताओं आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन बनअधिकार पट्टा, मनरेगा कार्य के.सी.सी., पी.एम. किसान सम्मान निधि आयुष्मान कार्ड, हेल्थ कार्ड, जाति प्रमाण पत्र निराकरण के लिए सभी विकासखण्डों में जनजाति बाहुल्य ग्रामपंचायतो में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में जनजाति विशेष की आवश्यकताओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर करने हेतु पंचायत नोडल अधिकारी के साथ ही स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य एवं पंचायत सचिव शिविर में आवेदन लेकर निराकरण कर रहे हैं। बीते गुरुवार को



विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम कटकोना में आयोजित शिविर में विभिन्न प्रकरणों के 702 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 688 का मौके पर ही निराकरण किया गया।

आज शुक्रवार को विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत बंजी, सिरियाखोह, नौगाई, सिरौली में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्रामों में सघन सर्वे कर विशेष कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए थे, जिसके फलस्वरूप ग्राम पंचायत सरभोका में विशेष पिछड़ी जनजाति पण्डो बाहुल्य बस्ती नवाडीह में चौपाल के माध्यम से पेंशन, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ कार्ड, राशन कार्ड, पेयजल सम्बन्धी समस्याओं पर चर्चा की गई। शिविर में 67 आवेदन मिले जिनमें से 46 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

30 अप्रैल तक सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 25 अप्रैल को विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के चेरवापारा,चम्पाझर में विकासखण्ड खड़गवां के मेण्ड्रा, सैन्दा, रतनपुर, बड़ेसाल्ही, सिंघत, विकासखण्ड भरतपुर के देवगढ़, विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ पाराडोल, बुन्देली, तिलोखन, बड़काबहार, सलबा, केलुवा, बाही में, 26 अप्रैल को विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के करहियारखण्ड, बुढ़ार, जमगहना, विकासखण्ड भरतपुर के जनकपुर, विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के घाघरा, बड़काबहार, पेंड्री, बाला, चरवाही में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 27 अप्रैल को विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के गदबदी, मुरमा, टेमरी, तेंदुआ, विकासखण्ड भरतपुर के खमरौध, विकासखण्ड मनेंद्रगढ़ के बुलाकीटोला, विकासखण्ड सोनहत के सोनहत में, 28 अप्रैल को विकासखण्ड बैकुंठपुर के फुलपुर, रटगा, महोरा,आनी, विकासखण्ड सोनहत के कटगोड़ी में, 29 अप्रैल को विकासखण्ड सोनहत के भैंसवार एवं 30 अप्रैल को रामगढ़ में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजपूत ने किया ग्राम रोहरा कला, पेंड्री और धरदेई के गौठान का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली।** कलेक्टर अजीत वंसत के मार्गदर्शन में शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना एवं गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की जमीनी स्तर पर हकीकत जानने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डी. एस. राजपूत द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में स्थापित गौठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री राजपूत ने आज पथरिया विकासखण्ड के ग्राम रोहरा कला, पेंड्री और धरदेई में स्थापित गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम रोहरा कला के गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मवेशियों के लिए पेयजल, छाया,



एसएचजी शेड आदि का अवलोकन किया। उन्होंने गौठान में पौधा रोपण, बाड़ी विकास के तहत सब्जी उत्पादन और गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी, मुर्गी पालन, बकरी पालन सहित अन्य कार्यो के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाओं से भी चर्चा की और गौठान में अधिक से अधिक महिलाओं को आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए गौठानों को आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिससे जुड़कर समूह की महिलाएं अधिक से अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद थे।


RKMG COMMUNITY
Chhattisgarh: India
We are looking for 15 franchisees in Chhattisgarh for RKMG Community
RKMG Community is in the following business :

1. Advertising.
2. E-Commerce (Selling Products and Services to Our Customers to Solve their problems).
3. Advance technology driven job portal.
4. India's First Social and Professional Media Platform.
5. Giving Franchisee (Helping Indians to earn regularincome through this Model).
6. It's a franchisee and not MLM

Rs. 5000 + GST Franchisee

Please search RKMG Community on any search engine for your understanding.

Pradeep Kumar
Mob. 7828463843, 9424121355

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

तकिया 2 पीस 100/-, 150/-
तकिया फाईबर 2 पीस 250/-, 350/-, 500/-
कुशन 5 सैट 500/-, 600/-, 800/-
लोड फाईबर सैट 500/-, 600/-, 700/-
गद्दा कव्हर सिंगल 150/- चालू
गद्दा कव्हर डबल 300/- चालू
वाटर प्रूफ गद्दा कव्हर डबल 999/-



संजय रूई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर

### रायपुर के शांति सरोवर में प्रशासनिक सम्मेलन, राज्यपाल और मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**रायपुर (ए)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रशासक सेवा प्रभाग की ओर से विधानसभा रोड स्थित शांति सरोवर, रिट्रीट सेंटर रायपुर में 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे अखिल भारतीय प्रशासनिक सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश भर से आए हुए प्रशासक प्रभाग के सदस्यगण हिस्सा लेंगे। विषय होगा- आध्यात्मिकता द्वारा प्रशासन में उत्कृष्टता। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल अनुसुईया उइके करेंगी। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रमुख अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया होंगे। प्रमुख उद्बोधन नई दिल्ली से प्रशासक सेवा प्रभाग की अध्यक्ष ब्रह्माकुमारी आशा दीदी का होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में गृह सचिव अरुण देव गौतम, आइआइटी के डायरेक्टर रजत मूना और संचालक चिकित्सा शिक्षा डा. विष्णु दत्त शामिल होंगे।

# मलेरिया दिवस पर सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए छत्तीसगढ़ को किया जाएगा दिल्ली में सम्मानित

### मलेरिया के मामलों में छत्तीसगढ़ में 62.5 प्रतिशत की आई गिरावट

### मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान से प्रदेश में एपीआई में भी बड़ी गिरावट, 2018 में 2.63 की तुलना में 2021 में 0.92

### राज्य में 5 चरणों में 87 लाख 84 हजार से अधिक लोगों की हुई मलेरिया जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विश्व में 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा 25 अप्रैल को नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य को प्रदेश में मलेरिया के मामले में आए गिरावट के लिए सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़, देश के उन राज्यों में से एक है जो मलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र में पूरे देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्रेणी-3 से सीधे श्रेणी-1 में पहुँच गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।




राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा जनवरी-फरवरी-2020 में बस्तर संभाग के सातों आकांक्षी जिलों में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का पहला चरण संचालित किया गया था। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान की सफलता को देखते हुए इसे पूरे प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत की गई। अब तक प्रदेश में बस्तर संभाग में इस अभियान के 5 चरण व अन्य संभागों में 2 चरण संचालित किए गए हैं। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 5 चरणों में अब तक प्रदेश में कुल 87 लाख 84 हजार 271 लोगों की मलेरिया जांच की गई है। अभियान से मलेरिया के मामलों में छत्तीसगढ़ में 62.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, वहीं प्रदेश में मलेरिया टेस्ट पॉजिटिविटी दर क्रमश: 4.60 प्रतिशत से घटकर 0.79 प्रतिशत पर आ गई है।

इन अभियानों में मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे बस्तर के पहुंच विहीन, दुर्गम एवं दूरस्थ इलाकों में घर-घर पहुंचकर सभी लोगों की आरडी किट से मलेरिया की जांच की गई। पॉजिटिव पाए गए लोगों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थ खिलाकर तत्काल मलेरिया के इलाज के लिए दवाई का सेवन चालू किया गया। मितानिनों की निगरानी में उन्हें दवाईयों की पूरी खुराक खिलाई गई। अभियान के दौरान हर घर और हर व्यक्ति की जांच सुनिश्चित करने के लिए घरों में स्टीकर चस्पा कर जांच किए गए लोगों के पैर के अंगूठे में निशान लगाकर मार्किंग की गई है। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभाव से एपीआई यानि प्रति एक हजार की आबादी में सालाना मिलने वाले मलेरिया के मरीजों की संख्या में बड़ी कमी आई है। प्रदेश में वर्ष 2018 में मलेरिया एपीआई जहां 2.63 थी वह वर्ष 2021 में घटकर 0.92 रह गई है। अभियान से मलेरिया उन्मूलन के साथ ही एनीमिया और कुपोषण को खत्म करने तथा शिशु व मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिली है।

## कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.81 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

### केन्द्रीय पूल में 38.02 लाख मीट्रिक टन चावल जमा

**रायपुर।** राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए 21 अप्रैल तक 97.81 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 38.02 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 20.27 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 17.75 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम तेजी शुरू कर दिया गया था। राज्य में अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 97.81 लाख मीट्रिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 75 लाख 08 हजार मीट्रिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 74 लाख 91 हजार मीट्रिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 91 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत 21 लाख 77 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी की एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

## मुख्य सचिव ने आकांक्षी जिलों में प्रगति की समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियों कॉन्फ्रेंस के जरिये राज्य के दस आकांक्षी जिलो के कलेक्टर्स से निर्धारित मानक बिन्दुओं के अंतर्गत आने वाली केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। आकांक्षी जिलों में प्रमुख स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल कृषि एवं वित्तीय संसाधनों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने आकांक्षी जिलों की मॉनीटरिंग कर रहे प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने आकांक्षी जिलों में पहुचकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में वाणिज्य कर एंव सांख्यिकी योजना विभाग के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी मौजूद थे।

मुख्य सचिव ने राज्य के आकांक्षी जिला, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, सुकमा, कोण्डागांव, नारायणपुर, महासमुंद, राजनांदगांव एवं कोरबा के कलेक्टरों से आकांक्षी जिलों में से स्वास्थ्य सुविधाओं, कुपोषण दूर करने, स्कूलों में जरूरी व्यवस्थाओं एवं बच्चों को बेहतर शिक्षा, किसानों को उन्नत बीज एवं खाद की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था, रोड, बिजली, एवं संचार कनेक्टीबिटी सहित अन्य योजनाओं का फायदा आकांक्षी जिले के लोगों को पहुचाने और उनकी आमदनी के लिए विशेष कार्य योजना के तहत करने के निर्देश दिये। बैठक में ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, वन एवं वाणिज्य के सचिव आर. सगीता, संचालक कृषि विभाग यशवंत कुमार, अनुसूचित जाति जनजाति विभाग की संचालक शम्मी आबिदी एन आर डी ए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अयाज तम्बोली, संचालक स्वास्थ्य नीरज बंसोड, संचालक राज्य खनिज विकास निगम जयप्रकाश मोर्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक सुश्री प्रियंका शुक्ला सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## राज्यपाल सुश्री उइके से सखी फाउण्डेशन के सदस्यों व प्रशिक्षुओं ने की सौजन्य मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में सखी फाउण्डेशन रायपुर के सदस्यों ने नीलम सिंह के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। सिंह ने राज्यपाल सुश्री उइके को सखी फाउण्डेशन द्वारा संचालित गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर सुश्री उइके ने फाउण्डेशन द्वारा प्रदत्त प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया और उनकी हौसला अफजाई की।

उल्लेखनीय है कि सखी फाउण्डेशन द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार व आजीविका के लिए प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही फाउण्डेशन, कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने का भी कार्य कर रही है। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अगर आपको जीवन में कुछ करना है तो दृढ़ इच्छा शक्ति के बगैर वह संभव नहीं है। इसलिए आप सभी मजबूत इरादों के साथ अपने कार्यों में निरंतर आगे बढ़ते रहें। साथ ही उन्होंने महिलाओं से कहा कि वे अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसरों तथा ऐसे प्रशिक्षणों से अवगत कराएं ताकि वे भी आगे आकर इसका लाभ ले सकें। राज्यपाल सुश्री उइके ने फाउंडेशन के सदस्यों से कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर उनका कौशल उन्नयन किया जाए और उन्नत तकनीकी के माध्यम से सिलाई आदि के कार्य तेजी से पूर्ण करने में सक्षम बनाएं ताकि महिलाएं बाजार की प्रतिस्पर्धा में भी मजबूत होकर खड़ी रह सकें। बहनें अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप से महिला केन्द्रित संगठन या समूह तैयार करें और साथ में मिलकर कार्य करते हुए मिसाल पेश करें।

इस अवसर पर सखी फाउण्डेशन की मार्गदर्शक डॉ. नीता बाजपेयी, चित्रा पाटले तरनी सोनी, भुवनेश्वरी कुर्रे, लक्ष्मी डहरिया, मालती जांगडे, ईश्वरी गायकवाड़, हिना भोंडेकर सहित फाउण्डेशन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कृषि उत्पादन आयुक्त ने राज्य में उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों और फर्टिलाईजर कम्पनियों के पदाधिकारियों की ली बैठक

### खरीफ 2022 के लिए छत्तीसगढ़ द्वारा 13.70 लाख मेट्रिक टन उर्वरक की मांग को केन्द्र सरकार ने दी स्वीकृति

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** खरीफ फसल 2022 के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 13.70 लाख मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों की मांग को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई है। यह जानकारी कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह की अध्यक्षता में आज यहां महानदी मंत्रालय भवन में कृषि सहकारिता एवं पंजीयक विभागों सहित आपूर्तिकर्ता फर्टिलाईजर कम्पनियों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में दी गई। बैठक में खरीफ2022 में राज्य के किसानों की डिमांड के आधार पर सभी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने विभागीय अधिकारी एवं फर्टिलाईजर कम्पनियों के पदाधिकारियों को समन्वय बनाकर शेड्यूल प्लान के अनुसार राज्य में उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफ वर्ष 2022 हेतु 13.70 लाख मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों की मांग भारत सरकार को भेजी गई थी, जिसमें यूरिया 6.50 लाख मेट्रिक टन, डीएपी 3 लाख मेट्रिक टन, पोटाश 80 हजार मेट्रिक टन, एनपीके काम्प्लेक्स 1.10 लाख मेट्रिक टन एवं सुपर फॉस्फेट (राखड) 2.30 मेट्रिक टन शामिल है। भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की मांग के अनुरूप 13.70 लाख मेट्रिक टन उर्वरक की आपूर्ति की स्वीकृति दी गई है।

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में अब कुल 3,92,983 मेट्रिक टन उर्वरक का भंडारण हुआ है, जिसमें यूरिया 2,39,895 मेट्रिक टन, डीएपी 16,385 मेट्रिक टन, एनपीके 17,035 मेट्रिक टन, पोटाश 10,205 एवं सुपर फास्फेट (राखड़) 1,09,463 मेट्रिक टन शामिल है। भण्डारित मात्रा में सहकारिता क्षेत्र में कुल 1,18,037 मेट्रिक टन भंडारण है। सहकारिता क्षेत्र में यूरिया 83,811 मेट्रिक टन, डीएपी 686 मेट्रिक टन, एनपीके 1,882 मेट्रिक टन, पोटाश 594 मेट्रिक टन एवं सुपर फॉस्फेट 31,565 मेट्रिक टन भंडारित है।

बैठक में चर्चा के दौरान इस बात कि जानकारी दी गई कि नवीन एनबीएस पॉलिसी जारी नहीं किये जाने के कारण रासायनिक उर्वरक डीएपी, एमओपी एवं एनपीके आपूर्तिकर्ताओं द्वारा खरीफ2022 हेतु रासायनिक उर्वरक के लिये जारी निविदा में भाग नहीं लिया गया, जिसके कारण माह अप्रैल हेतु जारी आवंटन के विरुद्ध अब तक उपरोक्त उर्वरकों की आपूर्ति राज्य को नहीं हुई है। मार्कफेड द्वारा प्रदेश में उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अप्रैल माह के आवंटन के अनुपात में अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें निविदा द्वारा डीएपी, एनपीके 12:32:16 एवं पोटाश की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है।

कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा उर्वरक प्रदायको को निर्देशित किया कि उनके द्वारा वर्तमान में प्रस्तुत दरे यथा डीएपी हेतु 1350 रूपए प्रति बोरी, एनपीके 12:32:16 हेतु 1470 रूपए प्रति बोरी एवं पोटाश हेतु 1700 रूपए प्रति बोरी पर नवीन एनबीएस पॉलिसी जारी होने तक प्रदेश में उक्त उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की जावेगी एवं प्रदेश में लाए जा रहे उर्वरकों का 60 प्रतिशत आबंटन सहकारिता क्षेत्र में सुनिश्चित किया जायेगा।

बैठक में उर्वरक आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जानकारी दी गई कि उनके द्वारा निविदा में प्रस्तुत दरों पर अन्य राज्यों को उर्वरक की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को खरीफ 2022 सीजन के लिए स्वीकृत विभिन्न प्रकार की उर्वरकों की मात्रा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य को अधिकतम मात्रा में उर्वरक आपूर्ति की बात कही गई। बैठक में संचालक कृषि यशवंत कुमार, प्रबंधन संचालक मार्कफेड किरण कौशल, अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं, इफको, कृभको, आईपीएल, चंबल, पीपीएल कम्पनी के प्रतिनिधि अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षक पदोन्नति में एक से अधिक विषय में स्नातक की डिग्री को अर्ह माना जाएगा

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी सहायक शिक्षक ने एक से अधिक विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है तो वह उन सभी विषयों में शैक्षणिक रूप से अर्ह माना जाएगा, जिन विषयों में उसने स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक सहायक शिक्षकों की पदोन्नति के संबंध में मार्गदर्शन दिया है।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों की बैठक में यह प्रश्न उठाया गया था कि यदि किसी सहायक शिक्षक ने एक से अधिक विषय में स्नातक तक डिग्री प्राप्त की है, तो उसे पदोन्नति प्राप्त करने के लिए किस विषय में अर्ह माना जाए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# रिजेक्शन झेलने के बाद मन में आते थे आत्महत्या के ख्याल, एक बार तो कर चुके हैं जान देने की कोशिश

बॉलीवुड के मशहूर और प्रतिभावान अभिनेताओं में से एक मनोज बाजपेयी इंडस्ट्री में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता बीते कई समय से अपनी फिल्मों और सीरीज के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। इंडस्ट्री में अपने अलग अंदाज के लिए मशहूर मनोज बाजपेयी हर साल 22 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाते हैं। एक्टर इस साल अपना 52वां जन्मदिन मनाएंगे। 23 अप्रैल 1969 को बिहार के बेलवा गांव में जन्में मनोज बाजपेयी आज सफलता और शोहरत के ऐसे मुकाम पर हैं, जहां पहुंचना हर किसी के बस की बात नहीं।



हिंदी में सिनेमा में नाम कमाने वाले मनोज बाजपेयी के जीवन में एक दौर ऐसा भी था, जब अभिनेता ने आत्महत्या करने तक का मन बना लिया था। दरअसल, नौ साल की उम्र से ही अभिनय में रूचि रखने वाले मनोज बाजपेयी को इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। दरअसल, उस दौर में एनएसडी (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा) में एडमिशन के लिए दो से तीन चरणों की प्रक्रिया से गुजरना होता था। लेकिन अभिनेता लगातार इस प्रक्रिया में नाकाम होते रहे है।

अपने शुरुआती चार प्रयासों में उन्हें इंटरव्यू के बाद एडमिशन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। ऐसे में लगातार चार बार रिजेक्ट होने के बाद एक्टर ने अभिनय में अपना करियर बनाने की उम्मीद बिल्कुल ही छोड़ दी थी। लगातार मिली नाकामयाबी से अभिनेता इतने निराश हो गए कि उनके मन खुदकुशी करने तक के ख्याल आने लगे थे। इतना ही नहीं एक्टर ने तो एक बार आत्महत्या की कोशिश भी की थी। लेकिन बाद में करीबी लोगों के समझाने पर मनोज ने बैरी ड्रामा स्कूल से बैरी जॉन के साथ थियेटर किया।

मनोज बाजपेयी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'स्वाभिमान' से की थी। इसके बाद उन्हें फिल्मों में सबसे पहले मौका शेखर कपूर ने दिया। मनोज ने साल 1994 में आई शेखर कपूर की फिल्म 'बैंडिट क्वीन' से फिल्मी करियर की शुरुआत की, लेकिन उन्हें पहचान साल 1998 में रामगोपाल वर्मा की फिल्म 'सत्या' से मिली । फिल्म 'सत्या' और 'शूल' के लिए उन्हें फिल्मफेयर का बेस्ट एक्टर अवॉर्ड भी मिला था। वहीं फिल्म 'पिंजर' में शानदार एक्टिंग के लिए उन्हें नेशनल फिल्म अवॉर्ड (स्पेशल ज्यूरी) भी मिला।

अपनी की दुनिया में अपना अलग मुकाम बनाने वाले मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय करियर के दौरान ना सिर्फ फिल्मों बल्कि वेब सीरीज में भी काम किया है। मनोज बाजपेयी गैंग्स ऑफ वासेपुर, द फैमिली मैन, अय्यारी, एलओसी कारगिल, सोनचिरैया, डायल 100, द फैमिली मैन आदि फिल्मों और सीरीज में नजर आ चुके हैं। वहीं निजी जीवन की बात करें तो अभिनेता की दो शादियां हुई हैं। पहली शादी उनकी साल 1990 में हुई थी, लेकिन ये शादी जल्द ही टूट गई। इसके बाद उन्होंने साल 2006 में बॉलीवुड एक्ट्रेस शबाना रजा से शादी की। जिससे उनकी एक बेटी भी है और अब दोनों साथ में काफी खुश हैं।

# डायरेक्टर सुदीश कन्नौजे के निर्देशन में बनी फिल्म द लॉन्गेस्ट डे प्रदर्शन को तैयार

### सचिन की बॉयोपिक फिल्म द गॉड ऑफक्रिकेट का भी करने जा रहे है निर्देशन

### अपनी फिल्मों में छत्तीसगढ़ के भी कई कलाकारों को दे रहे है अवसर



हॉट स्टार और अमेजन पर साई फाई और टू प्वाइंट जीरो जैसे हीट शार्ट फिल्मे देने वाले बॉलीवुड निर्देशक और राईटर सुदीश कन्नौजे की फिल्म द लॉन्गेस्ट डे बनकर रिलीज के लिए तैयार है जो आगामी जून में सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। इसके अलावा निर्देशक सुदीश कन्नौजे के पास अभी कई बड़े बजट की फिल्में है जिसमें गॉड ऑफ क्रिकेट भी शामिल है जो भारत के प्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पर बनाई जायेगी। हाल ही में इसका पोस्टर बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक महेश भट्ट और मधुर भंडारकर ने जारी किया था जो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ था।

आपको बता दे कि राईटर और डायरेक्टर कन्नौजे इन दिनों छत्तीसगढ़ के भी कई कलाकारों को अपने द्वारा निर्देशित एवं डॉ. आदित्य वर्मा द्वारा निर्मित हिन्दी फिल्म लावस्ते में अवसर प्रदान कर रहे है। फिल्म डायरेक्टर सुदीश कन्नौजे ने हमारे संवाददाता को एक भेंटवार्ता में बताया कि वे पिछले 12 सालों से फिल्म लाईन में है और वे बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक अशोक त्यागी के साथ रहकर ईटस रॉकिंग-दर्दे डिस्को में सहायक निर्देशक के साथ ही बॉलीवुड के प्रसिद्ध डायरेक्टर राकेश मोदी, और सैम खान के सानिध्य में रहकर वे सिनेमा के बारीकियों को सीखने के बाद ही पूरी तैयारी के साथ निर्देशन और राईटिंग के क्षेत्र में उतरे है। कन्नौजे अधिक से अधिक नये प्रतिभावान और थियेटर कलाकारो को अपनी फिल्मों में अवसर प्रदान करने पर विश्वास रखते है। सुदीश का मानना है फिल्में समाज का आईना होती है लेकिन आजकल लोग व्यवसायिकता के चक्कर में इसे भूल जा रहे है लेकिन मैं ऐसी ही फिल्मे बना रहा हूं जो स्वस्थ्य मनोरंजन के साथ ही समाज को आईना भी दिखा सके।

उन्होंने अपनी फिल्म लाईफ टू प्वाइंट जीरो के बारे में बताया कि इसकी सफलता को देखकर इसे एक साई फाई सीरीज में बदल दिया गया है। इस सीरीज की अगली फिल्म लाईफ थ्री प्वाइंट जीरो भी शीघ्र ही रिलीज होने वाली है। सुदीश कन्नौजे ने अपनी फिल्म साई फाई और लाईफ टू प्वाइंट जीरों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म साइंस ड्रामा है और डाटा इमरजेंसी पर आधारित है। इसमें यह भी दर्शाया गया है कि इंसानों ने किस तरह से प्रकृति को नुकसान पहुंचाया है, और प्रकृति ने उसका सारा डाटा चुराकर इंसानों से बदला लिया है। इसमें तकनीक और प्रकृति के बीच एक टकराव भी दिखाया गया है और यह बताया गया है कि तकनीकी तो आवश्यक है ही लेकिन प्रकृति का सामंजस्य भी अतिआवश्यक है नही तो स्थिति भयावह हो सकती है। फिल्म के माध्यम से यह बताया गया है कि दुनिया में ह्यूमन सेटलमेंट चेंज होने की आवश्यकता है।

# यश से ऋतिक तक, इन एक्टर्स ने बदली हीरो की छवि, क्लीन शेव नहीं दाढ़ी से लूटी महफिल

भारतीय सिनेमा में समय के साथ बदलाव आते रहते हैं। लेकिन अभिनेताओं की अपनी एक अलग छवि होती है, जिनके पीछे लाखों लड़कियां दीवानी होती हैं। अब तक बॉलीवुड हो या फिर टॉलीवुड, सिनेमा में हीरो की परिभाषा हैंडसम हंक की होती थी, जो क्लीन शेव रहता था और अपनी आकर्षक पर्सनैलिटी से हर किसी का दिल जीत लेता था। अब समय के साथ-साथ कुछ कलाकारों ने अभिनेता की इस इमेज को तोड़ दिया गया है। बीते कुछ समय में कई ऐसी फिल्में रिलीज हुई हैं, जिसमें हीरो ही असली विलेन है और वह क्लीन शेव में नहीं बल्कि भरी हुई दाढ़ी से एक नया ट्रेंड सेट कर रहा है। आइए आज हम आपको उन्हीं कलाकारों के बारे में बताते हैं, जिन्होंने फिल्मों में दाढ़ी रखकर एक नए दौर की शुरुआत की है।



### यश, फिल्म- केजीएफ चैप्टर 1 और 2

केजीएफ चैप्टर 1 और 2 में अभिनेता यश को एक मॉन्स्टर की तरह दिखाया है और उन्होंने इस अंदाज में भी लोगों का दिल जीत लिया। फिल्म में यश की एक्टिंग तो कमाल है ही, लेकिन उनका लुक भी लोगों द्वारा फॉलो किया जा रहा है। फिल्म में यश लंबे बालों के साथ लंबी-लंबी दाढ़ी में दिखे हैं। खास बात ये है कि फिल्म रिलीज होने के बाद भी यश ने अपना ये लुक बदला नहीं है, जिस वजह से अब हर कोई इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहा है।

### शाहिद कपूर, फिल्म- कबीर सिंह

शाहिद कपूर ने बॉलीवुड में एक चॉकलेट बॉय के रूप में कदम रखा था, जिनकी फिल्मों में खूबसूरत लव स्टोरी देखने को मिलती थी। लेकिन समय के साथ उन्होंने भी अपनी एक्टिंग और लुक्स में बड़ा बदलाव कर लिया है। फिल्म 'कबीर सिंह' में शाहिद कपूर ने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों को हैरान कर दिया था। उनके लुक्स की भी खूब चर्चा हुई थी। शाहिद घने बालों के साथ लंबी-लंबी दाढ़ी में नजर आए थे। अभिनेता की इस पर्सनैलिटी पर लड़कियां मर मिटी थीं।

### अल्लू अर्जुन, फिल्म- पुष्पा द राइज

अल्लू अर्जुन अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा द राइज' में धांसू अंदाज में नजर आए थे। इस फिल्म में न तो अभिनेता चमक रहे थे और न ही वह क्लीन शेव थे। अल्लू अर्जुन अपनी लंबी दाढ़ी में भी फैंस की वाहवाही लूटने में कामयाब रहे थे। इतना ही नहीं, फिल्म में उनका डायलॉग 'पुष्पा झुकेगा नहीं' दाढ़ी के साथ स्टाइल मारते हुए ही है, जो आज भी सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। ये डायलॉग और अभिनेता का अंदाज बच्चे-बच्चे की जुबां पर है।

### ऋतिक रोशन, फिल्म- विक्रम वेधा

इस लिस्ट में ऋतिक रोशन का नाम भी शामिल है, जो एक समय पर अपने क्लीन चेहरे के लिए बॉलीवुड में जाने जाते थे लेकिन अब ऋतिक भी फिल्मों में कुछ अलग ही अंदाज में नजर आ रहे हैं। ऋतिक अपनी अपकमिंग फिल्म 'विक्रम वेधा' में विलेन के किरदार में दिखेंगे, जिस वजह से अभिनेता का लुक भी काफी धांसू है। घने बाल और लंबी दाढ़ी में अभिनेता शानदार लग रहे हैं।

### राम चरण और जूनियर एनटीआर, फिल्म- आरआरआर

राम चरण और जूनियर एनटीआर साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार हैं और उनकी फिल्म 'आरआरआर' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया हुआ है। फिल्म में दोनों का लुक सिंपल है। लेकिन इस सिंपल लुक के साथ भी दोनों ने चेहरे पर दाढ़ी है, जो उन्हें काफी अट्रैक्टिव बना रही है।

# 'केजीएफ-2' ने पार किया 750 करोड़ का आंकड़ा, 'आरआरआर' की चमक भी फीकी



शुक्रवार को रिलीज हुई शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर स्टारर नई फिल्म 'जर्सी' को फिल्म 'केजीएफ 2' ने अपनी रिलीज के नौवें दिन धो डाला है। फिल्म 'केजीएफ -2' की कामयाबी का रथ दूसरे हफ्ते में भी अपनी पूरी रफ्तार में है और इसने रिलीज के दूसरे शुक्रवार को भी अपना कलेक्शन बीते दिन के मुकाबले ज्यादा नहीं गिरने दिया है। फिल्म के हिंदी संस्करण ने रिलीज के पहले हफ्ते में 268.63 करोड़ रुपये की कमाई करके किसी भी हिंदी फिल्म की कमाई से ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड बना डाला है। अब फिल्म की कमाई एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' की अब तक हुई कमाई से भी ज्यादा हो चुकी है। फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई भी 750 करोड़ रुपये से ऊपर निकल चुकी है।

रिलीज के पहले हफ्ते में फिल्म 'केजीएफ2' ने शानदार कलेक्शन किया। गुरुवार को रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के पहले आठ दिनों में ही तमाम रिकॉर्ड बना डाले। फिल्म का नौवें दिन का यानी रिलीज के दूसरे शुक्रवार का कारोबार भी उम्दा रहा है। फिल्म ने शुक्रवार को करीब 19 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से किया है। फिल्म के हिंदी संस्करण ने शुक्रवार को करीब 12 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसके अलावा 'केजीएफ 2' ने कन्नड में चार करोड़ रुपये, तेलुगू में करीब दो करोड़ रुपये, तमिल में करीब चार करोड़ रुपये और मलयालम में करीब दो करोड़ रुपये की कमाई की है। इन आंकड़ों में अंतिम संख्या आने तक थोड़ा बहुत फेरबदल भी हो सकता है।

अपनी लगातार उम्दा कमाई के चलते फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' ने फिल्म 'आरआरआर' की चमक को फीका कर दिया है। फिल्म 'आरआरआर' को यश की फिल्म ने हर दिन मात दी है। फिल्म 'आरआरआर' का बॉक्स ऑफिस सफर अगर दिनों के लिहाज से देखें तो इसके हिंदी संस्करण ने 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा रिलीज के तीसरे दिन, 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा रिलीज के पांचवें दिन, 150 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा नौवें दिन, 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा रिलीज के 17वें दिन और 250 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा रिलीज के 23वें दिन पार किया। फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' ने कमाई के सारे पड़ाव अपनी रिलीज के पहले हफ्ते में ही पार कर लिए।

## 'इंडियन आइडल 12' फेम अंजली गायकवाड़ पर धोखाधड़ी का आरोप

इंडियन आइडल 12' फेम अंजलि गायकवाड़ मुश्किलों में घिरती नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम के फेमस इन्फ्लुएंसर ने अंजली पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इन्फ्लुएंसर का कहना है कि अंजली ने उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने की कोशिश की। वहीं दूसरी तरफ अंजली का कहना है कि उनका खुद का इंस्टाग्राम अकाउंट 2 अप्रैल को हैक हो चुका है।

अंजली ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट 20-21 दिन पहले ही हैक हो चुका है। हैकर इसके बदले में उनसे 70 हजार रुपए की मांग कर रहा है। अंजली के मुताबिक, इस केस के बारे में साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज की जा चुकी है, लेकिन अभी तक उनकी तरफ से कोई अपडेट सामने नहीं आई है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026,
8962815243

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI XII B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

S S MOBILE & ACCESORIES
सबसे कम दाम मे यहां मिलेगा
पुराना दो नया ले जाओं
रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के रिजार्च किये जाते है
0% फाईनेंस ऑल प्रोडक्ट्स
ALL BRANDES MOBILE AVAILABLE
9302390023, 9827817809
Apposite Street no.-2, Kasaridih,Durg

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani
Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद
Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358
9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पंचायतों व नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर 25 को

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन में व्यापक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 25 अप्रैल को जिले की सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में किया जा रहा है। शिविर में बिजली, पेयजल, नागरिकों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता, भवन नामांतरण, आवास, कर जमा, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, नल कनेक्शन सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन लिये जायेंगे। प्राप्त आवेदनों पर आगामी दिवसों में निराकरण किया जाएगा। रायगढ़ नगर निगम में यह शिविर दो दिन अर्थात 25 व 26 अप्रेल को वार्डवार लगाए जाएंगे। नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवेदन लिये जायेंगे। जिनमें राजीव नगर सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय में 1, 2, 3, 4, 14, 15, 39 एवं 40 वार्ड के निवासियों से आवेदन लिये जायेंगे। इसी तरह दीनदयाल कालोनी सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड क्रमांक 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 एवं 46, कार्यालय नगर पालिक निगम परिसर में वार्ड क्रमांक 12, 13, 16, 17, 18, 19 एवं 20, बेलादुला मंगल भवन वार्ड कार्यालय में 21, 22, 23 एवं 24, छोटे अतरमुड़ा मंगल भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड नंबर 25, 26, 27 एवं 28, कबीर चौक मंगल भवन वार्ड कार्यालय में वार्ड नंबर 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38 एवं 42, प्रा.शाला छातामुड़ा में वार्ड क्रमांक 41, प्रा.शाला बोईरदादर में वार्ड क्रमांक 47 एवं 48, प्रा.शाला भगवानपुर में वार्ड क्रमांक 45 एवं आशा दी होप पतरापाली में वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 के वार्डवासियों का आवेदन लिये जायेंगे।

### कमार जनजाति के विद्यार्थियों को मिला जाति प्रमाण पत्र

**गरियाबंद।** जिले में विशेष पिछड़ी कमार/भुंजिया जनजाति वर्ग के समस्याओं के निराकरण हेतु विकासखंडों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर नम्रता गांधी की मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष शिविर में प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा तत्परतापूर्वक निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उक्त जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक स्तर से जाति प्रमाण पत्र बनाकर वितरण भी किया जा रहा है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी छुरा श्रीमती शीतल बंसल से मिली जानकारी अनुसार विगत दिवस छुरा विकासखंड के संकुल केन्द्र सिवनी अंतर्गत प्राथमिक शाला धरमपुर में अध्ययनरत कमार जनजाति के 10 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। धनंजय पिता श्री फुलेश्वर कक्षा पहली, राजाकिशन पिता श्री कलीराम कक्षा पहली और संगीत पिता श्री रैतुराम कक्षा पहली के नाम शामिल है।

# भारत की वृद्धि दर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी बनी रहेगी : सीतारमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नयी दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊभरती नयी चुनौतियों को देखते हुए, विश्व अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर में कुछ गिरावट आ सकती है लेकिन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत की आर्थिक वृद्धि की दर सबसे तेज रहेगी। सीतारमण यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वित्त समिति की पूर्ण बैठक को संबोधित कर रही थीं।**



उन्होंने ऊभरती चुनौतियों की पृष्ठभूमी में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में कुछ गिरावट आ सकती है। सीतारमण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ताजा अनुमान में 2022-23 में भारत की वृद्धि 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। जो कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची वृद्धि दर है।

उन्होंने कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण बुनियादी सुधार कार्यक्रम जारी रखे हुए हैं। इनका उद्देश्य उत्पादकता और रोजगार को प्रोत्साहित करना है। गौरतलब है कि मुद्रा कोष ने इसी सप्ताह विश्व अर्थव्यवस्था के परिदृष्य के विषय में जारी अपनी ताजा वर्ल्ड आउटलुक रिपोर्ट में भारत की वृद्धि दर के अनुमान को जनवरी के अपने 9 प्रतिशत के अनुमान की तुलना में घटाकर 8.2 प्रतिशत कर दिया। सीतारमण ने कोविड महामारी के बाद के दौर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की भूमिका बढ़ाए जाने पर बल दिया। उन्होंने मुद्रा कोष में कोटा की 16वीं सामान्य समीक्षा को समय से पूरा किए जाने पर बल दिया। ताकि ऊभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधित्व में कमी की समस्या का सामाधान किया जा सके।

वित्त मंत्री ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए बहुपक्षीय दृष्टिकोष के महत्व पर बल दिया और कहा कि इसके लिए विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन रोधी परियोजनाओं के लिए धन और सस्ती लागत वाली प्रद्योगिकी उपलब्ध कराए जाना महत्वपूर्ण है। सीतारमण मुद्रा कोष-विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठकों और जी-20 समूह के देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस समय यहां आई हुई हैं। रणनीतिक प्राथमिकताओं में एफएटीएफ ग्लोबल नेटवर्क को सुदृढ़ करना; आपसी मूल्यांकन की एफएटीएफ प्रणाली; अंतरराष्ट्रीय लाभकारी स्वामित्व पारदर्शिता को बढ़ाना, आपराधिक संपत्तियों को प्रभावी रूप से वापस पाने के लिए क्षमताओं में वृद्धि करना, डिजिटल विकास का लाभ उठाना, एफएटीएफ रणनीतिक प्राथमिकताओं के लिए सतत वित्त पोषण सुनिश्चित करना आदि शामिल हैं।

बैठक के दौरान, वित्त मंत्री ने धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्तपोषण का मुकाबला करने में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा लाभकारी स्वामित्व पारदर्शिता, परिसंपत्ति वसूली और वैश्विक वित्तीय प्रणाली की सुरक्षा में एफएटीएफ वैश्विक नेटवर्क की भूमिका के सम्बन्ध में एफएटीएफ द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना की।

श्रीमती सीतारमन ने रणनीतिक प्राथमिकताओं को समर्थन देते हुए कहा कि भारत धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार के वित्तपोषण के खिलाफ वैश्विक गठबंधन से जुड़े प्रयास के लिए एफएटीएफ को आवश्यक संसाधन तथा समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने प्रशासन पहुंच रहा लोगों के घर-घर तक : सांसद श्रीमती महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम पंचायत भिलाई बाजार में वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एक ही दिन में आठ हजार 213 लोगों को फौती, नामांतरण, राशन कार्ड, पेंशन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड आदि शिविर स्थल में ही बनाकर ग्रामीणों को दी गई।

शिविर में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा एवं कलेक्टर श्रीमती रानू साहू भी शामिल हुई। शिविर में एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा अंतर्गत भूविस्थापित परिवारो के चार लोगो को नौकरी मिल गयी। उन्हे शिविर मे सांसद श्रीमती महंत के हाथो नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा मे नौकरी पाने वालो में ग्राम जटराज के दाताराम, विरेन्द्र कुमार, श्रीराम पटेल एवं प्रदीप कुमार पटेल शामिल है।



सांसद श्रीमती महंत ने शिविर में शामिल जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने स्कूली छात्राओं को सरस्वती सायकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया। साथ ही दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, महिला समूहों को ऋण का चेक किसानों को कृषि उपकरण, मछली जाल, किसान क्रेडिट कार्ड, ई-श्रमिक कार्ड आदि प्रदान किया। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार तुहंर द्वार कार्यक्रम के तहत् जिला प्रशासन लोगो के घर-घर तक पहुंचकर नागरिको के विभिन्न समस्याओं का समाधान कर रहा है। उन्होने कहा कि नागरिकों को पहले छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए भी दूर-दूर तक जाकर कार्यालयों के चक्कर काटने पडते थे। अब शिविर के माध्यम से एक ही जगह पर सभी शासकीय सेवाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होने शासन की योजनाओं को गंभीरता से जिले में क्रियान्वित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती साहू को बधाई दी।

पाली तानाखार क्षेत्र के विधायक श्री मोहित राम केरकेट्टा ने कहा कि पहले शिविरो में समस्याएं ली जाती थी और बाद में निराकरण किया जाता था। अब प्रशासन द्वारा रणनीति बनाकर लोगो के घर-घर जाकर समस्याओं की पहचान की जा रही है और उन्हे शिविर के माध्यम से सेवाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 15 दिन पहले गांव-गांव जाकर लोगो के समस्याओं का सर्वे करके समस्याओं का समाधान कर उन्हे राहत दिलाने की पहल अनुकरणीय है। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने समाधान शिविर में सेवाओं का लाभ लेने आए नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत राशन कार्ड, पेंशन, किसान किताब जाति प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, वनाधिकार पट्टा, दिव्यांगता प्रमाण पत्र का लाभ सभी पात्र लोगों को देना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, जनपद पंचायत कटघोरा अध्यक्ष श्रीमती लता कंवर, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, एस.डी.एम. कटघोरा कौशल प्रसाद तेंदुलकर, जनप्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, हरीश परसाई, आस-पास पंचायतों के सरपंच गण, समस्त विभागीय अधिकारीगण सहित भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। सरकार तुहंर द्वार कार्यक्रम में 21 पंचायतों के आठ हजार से अधिक लोग हुए लाभान्वित- भिलाईबाजार में आयोजित सरकार तुहंर द्वार कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों के राशन, पेंशन, मजदूर कार्ड आदि से संबंधित लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया गया।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री मेघवाल ने की बस्तर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। भारत सरकार के संसदीय मामले एवं संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज आकांक्षी जिला बस्तर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। स्थानीय विश्राम भवन में आयोजित इस समीक्षा बैठक में सांसद दीपक बैज, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, कलेक्टर रजत बंसल, वन मंडलाधिकारी डीपी साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।**



मेघवाल ने आकांक्षी जिलों के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, रोजगार, अधोसंरचना आदि क्षेत्रों के लिए निर्धारित सूचकांकों के अंतर्गत समीक्षा करते हुए आवश्यकता अनुसार प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे केन्द्र स्तर पर सहायता के लिए पहल की जा सके। समीक्षा के दौरान कलेक्टर बंसल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास ने बस्तर जिले में संचालित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर जिले को फरवरी माह में नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी जिलों की सूची में 19वां स्थान प्रदान किया गया है तथा कृषि के क्षेत्र में प्रथम स्थान दिया गया है। बस्तर जिला शिक्षा व स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में भी अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है। बस्तर में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए बादल एकेडमी और कलागुड़ी का संचालन, युवा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित थिंक बी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संचालित ज्ञानगुड़ी, रोजगार संवर्धन के लिए बस्तर में महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से की जा रही पपीता और कॉफी की खेती, शिक्षा के लिए मोहल्ला क्लास एवं सीख कार्यक्रम आदि के संबंध में जानकारी दी। मंत्री मेघवाल ने बस्तर में किए जा रहे इन कार्यों की प्रशंसा करते हुए पशुपालन एवं मछलीपालन को बढ़ावा देने की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना आदि योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही मछली पालन एवं डेयरी संचालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगतिशील किसानों को अन्य राज्यों में शैक्षणिक भ्रमण पर भी जोर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसरंचनाओं के निर्माण के साथ ही अब आवश्यकतानुसार शालाओं में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए नाबार्ड द्वारा संचालित रुरल इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फंड के माध्यम से राशि का प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल स्टेशनों पर यात्री सुविधा समिति के सदस्यों ने किया निरीक्षण

### पैसेंजर एमेनिटीज कमेटी के सदस्यों द्वारा दुर्ग स्टेशन का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को लेकर पैसेंजर एमेनिटीज कमेटी के सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया गया । इस कमेटी में श्रीमती विभाश्वनी अवस्थी, राम कुमार पाहन, कैलाश लक्ष्मण वर्मा शामिल रहें ।**

इस कमेटी में रेल मंत्रालय द्वारा नामित सदस्य शामिल रहते हैं । यह पैसेंजर एमेनिटीज कमेटी 19 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चार दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर आई हुई है इन्होंने 19 अप्रैल 2022 को बिलासपुर, भाटापारा, सिलियारी, स्टेशनों का निरीक्षण किया एवं 20 अप्रैल 2022 को महासमुंद एवं अन्य स्टेशन का निरीक्षण किया, 21 अप्रैल 2022 को रायपुर स्टेशन का निरीक्षण किया एवं 22 अप्रैल 2022 को दुर्ग, स्टेशन का निरीक्षण किया। पैसेंजर एमेनिटीज कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों के निरीक्षण के दौरान दुर्ग स्टेशन पर जनता खाना, कैटरीग, वेंडिंग स्टॉल्स, बुक स्टाल, कुलिंग के लिये लगाया गया मिस्टिंग सिस्टम, पेयजल व्यवस्था, प्लेटफार्म में यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था, यात्रियों की जन सुविधाए,दिव्यांगो को दी जा रही सुविधाए, साफ-सफाई, खाद्य सामग्री एवं पानी की बोटल की वैधता तिथि, लाइसेंस की वैधता तिथि आदि की जॉच की। यात्री प्रतीक्षालय में साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, टायलेट, पानी के नल आदि का निरीक्षण किए तथा यात्रियों से बात कर स्टेशन में यात्री सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में चर्चा की गई, उनसे फीडबैक लेने के साथ ही साथ सुझाव भी लिए गए । स्टेशन पर मौजूद यात्री सुविधाओं के साथ-साथ यात्री सुरक्षा, संरक्षा के तमाम इंतजाम को देखा । निरीक्षण के पश्चात यात्री सुविधा समिति के सदस्यों ने उपस्थित मीडिया के सदस्यो से वार्ता की जिसमें रेलवे द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। पैसेंजर एमेनिटीज कमेटी के सदस्यों द्वारा रायपुर मंडल के स्टेशनों पर दी जा रही यात्री सुविधाओं की सराहना की गई।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबन्धक अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रास्ट्रक्चर) आशीष मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डा. विपीन वैष्णव सहित रायपुर रेल मंडल के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नि:शक्तबच्चों के उपयोग व थेरेपी के लिए बीआरसी रायगढ़ में हुआ फिजियोथेरेपी किट व अन्य सामग्री का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत नि:शक्त बच्चों के उपयोग व थेरेपी के लिए शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाले उपकरणों के संचालन एवं उपयोग हेतु विकासखंड रायगढ़ के बीआरसी कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे दिव्यांग बच्चों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के अंतर्गत फिजियोथैरेपी किट व अन्य सामग्री प्रदान की गई। नि:शक्त बच्चों के सहायक सामग्री व उपकरण वितरण कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रमेश देवांगन, साक्षरता मिशन के डी.के.वर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ सी.के.धृतलहरे, एपीसी समग्र शिक्षा भूपेंद्र पटेल, बीआरसी रायगढ़ मनोज अग्रवाल एवं बीआरपी शांति ठाकुर आदि की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को मार्केट प्राइस साइकिल, चश्मा तथा फिजियोथेरेपी किट एवं अन्य सामग्री प्रदाय करते हुए इन उपकरणों के उपयोग व फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया।

ये बच्चे हुए लाभान्वित

समावेशी शिक्षा अंतर्गत शासन द्वारा नि:शक्त बच्चों के उपयोग व थेरेपी के लिए प्रदान किए गए उपकरणों से जो बच्चे लाभान्वित हुए उनमें रोलेटर-कनक एवं जरीना खातून, सीपी चैटर-पिंटू व तिम्लेश, बुक मैग्नीफायर-अनुराग, साहिल, निधि व शांति, स्मार्ट मोबाइल-शीला विश्वास, श्रवणयंत्र-जयप्रकाश, गौरी, प्रतीक व रजनी, एमआर किट-लोकनाथ एवं अन्य चार, थेरेपी किट-पूजा व हरिप्रिया,ब्रेल कीट-घनश्याम, वाकर-युद्धवीर कोसले शामिल थे।

### पटवारी चयन परीक्षा 24 को

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग अंतर्गत 24 अप्रैल 2022 रविवार को पटवारी चयन परीक्षा आयोजित की गई है। उक्त परीक्षा लिए गरियाबंद जिले में 13 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें 3570 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा प्रात: 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति (इनमें से कोई एक) और व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**
**रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं. - 35, पिन- 490006**
**Website :- risali.urbanecg.gov.in**

क्र./लो.क.वि./2022 / 198 — रिसाली, दिनांक 20/04/22

**// निविदा सूचना //**

आयुक्त नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से 01 कार्य हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृति ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

नियम एवं शर्ते तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
नगर पालिक निगम, रिसाली


YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### दूसरे की जमीन अपनी बताकर महिला ने तीन लाख में बेचा, कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**रायपुर।** दूसरे की जमीन अपनी बताकर बेचने के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी करने के मामले में गुढ़ियारी थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को आरोपित महिला के खिलाफ चार सौ बीसी का अपराध कायम किया है। फिलहाल महिला की गिरफ्तारी नहीं की गई है। गुढ़ियारी पुलिस के मुताबिक डंगनिया निवासी गिरीश सोनी (43) ने आठ अप्रैल, 2019 को गोगांव स्थित जमीन को खरीदने के लिए पुष्पा जंघेल पति प्रकाश (49) से संपर्क किया था। पुष्पा ने आशा वर्मा पति राजकुमार के नाम की गोगांव स्थित जमीन को अपनी बताकर फर्जी दस्तावेज दिखाकर गिरीश सोनी से तीन लाख रुपये ले लिए। गिरीश को बाद में पता चला कि जिस जमीन को उसने पुष्पा से खरीदा है, वह जमीन दूसरे की है। उसने पैसे लौटाने को कहा तो पुष्पा ने साफ इन्कार कर दिया। थाने में शिकायत दर्ज न होने पर पीड़ित ने प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कोर्ट में परिवाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई। कोर्ट ने प्रकरण की सुनवाई के बाद पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपित महिला पुष्पा जंघेल के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर पैसा लेकर धोखाधड़ी करने का अपराध कायम कर लिया।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से वार करने वाले आरोपित व अपचारी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** प्रार्थी देवेन्द्र कुमार साहू 19 अप्रैल की शाम करीबन साढ़े आठ बजे अपने जीजा नरेश कुमार साहू के घर दलदल सिवनी जा रहा था कि दलदल सिवनी ओम शांति स्कूल के पास रात्रि 8.40 बजे अपचारी बालक अपने साथी के साथ पहुंचा और प्रार्थी से शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगे। इस पर प्रार्थी ने कहा कि मेरे पास पैसा नही है मैं अपने जीजा के घर जा रहा हूं। इतना सुनते ही अपचारी बालक और उसका साथी प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पास रखे किसी धारदार वस्तु से प्रार्थी के बाये घुटने के उपर एवं दाहिने हाथ के कोहनी के पास मारकर चोट पहुंचाये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पंडरी में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी पंडरी के नेतृत्व में थाना पंडरी पुलिस की टीम द्वारा आरोपी व अपचारी के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर घटना में संलिप्त आरोपी जयदास मानिकपुरी उर्फ मशान एवं 01 अपचारी बालक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सब्जी काटने का चाकू जब्त कर अग्रिम कार्यवाही किया गया।

बॉयफ्रेंड के शादी के दिन गर्लफ्रेंड ने की खुदकुशी

# सुसाइड नोट में लिखा-भैया उसको बताना मैं कितना प्यार करती थी उससे, कहना-मेरी लाश देखने जरूर आए

**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले में युवती ने अपने प्रेमी के शादी वाले दिन जान दे दी। उसने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। साथ ही उसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने लिखा है कि भैया ये मेरी आखिरी इच्छा है कि उसको ये जरूर बताना कि मैं उससे कितना प्यार करती थी। उससे यह भी कहना कि मेरे मरने के बाद मेरी लाश देखने जरूर आए।

दरअसल, ये पूरी घटना हुई है कोतवाली थाना क्षेत्र के रामसागर पारा में, यहां रहने वाली प्रीति मंहत (27) फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शुक्रवार सुबह उसके परिजनों ने कमरे में पंखे में फंदे पर लटकी हुई उसकी लाश मिली थी। बताया जा रहा है कि युवती ने शुक्रवार सुबह ही आत्महत्या किया था। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को इस बात की सूचना दी थी। युवती एलआईसी एजेंट के रूप में काम करती थी।

### सुसाइड नोट में ये लिखा

खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारा गया था। इसके बाद पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। यह सुसाइड नोट प्रीति ने अपने भाई के नाम लिखा है।

सुसाइड नोट में प्रीति ने लिखा है कि मैं अपने प्रेमी से बहुत प्यार करती थी। मगर उसने मुझे धोखा दिया है और आज शादी कर रहा है। उसने लिखा मैंने बहुत जीने की कोशिश की, लेकिन जिंदगी से हार गई हूं। प्रीति ने आगे लिखा है भैया मुझे माफ कर देना। अब आप किसी पर भरोसा नहीं करना। मेरी अंतिम इच्छा है कि मेरी प्रेमी को यह



जरूर बताना कि मैं उसे कितना प्यार करती थी। उससे यह भी कहना कि मेरे मरने के बाद मेरी लाश देखने जरूर आए। आगे युवती ने लिखा भैया सब मतलबी हैं, सब आपसे काम के वक्त ही मतलब रखेंगे। सबको दूसरों की गलतियां दिखती है, लेकिन अपने बच्चों की गलतियां नहीं दिखती हैं।

युवती ने लिखा मैंने बहुत कोशिश की अपने प्रेमी से बात करने की, पर नहीं कर पाई। वो हमेशा मुझसे झूठ बोलता रहा और मैं पागलों की तरह उससे प्यार करती रही। साथ ही उसकी झूठी बातों को सच समझ लेती थी। मां, चाचा,दादाजी इन सब को खोने के बाद मुझमें और हिम्मत नहीं है किसी को खोने की। मैंने यह सब उससे बताया था, लेकिन उसके लिए यह सब मजाक था।

तुमने मेरे लिए सब कुछ किया है भाई। बस आखिरी बार उससे इतना पूछ लेना उसने मेरे साथ ऐसा क्यों किया। आगे लिखा अगला जन्म मिला तो तुम्हारी बेटी बनूंगी भाई, मुझसे नफरत मत करना, मैं थक गई हूं। मुझे माफ कर देना।

### भाई बोला-मैं शादी ही नहीं होने देता

परिजनों ने बताया है कि प्रीति का दर्री क्षेत्र में रहने वाले युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग था। इस बीच युवक की शादी लग गई थी। शुक्रवार को युवक की शादी होने वाली थी। इस बात से युवती परेशान थी। आखिरकार सुबह उसने यह कदम उठा लिया है। इस पूरे मामले को लेकर प्रीति के भाई केशर दास महंत ने कहा है कि जिस युवक के कारण मेरे बहन की मौत हई। उसकी शादी शुक्रवार को होने वाली थी। उसके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए। केसर ने कहा कि मुझे पता होता तो मैं उस लड़के की शादी ही नहीं होने देता। मैं उस लड़के से अपनी बहन की शादी करवाता। अब मुझे इंसाफ चाहिए।

दंपती समेत 4 नक्सलियों ने डाले हथियार

# 3 पर है 7 लाख रुपए का इनाम, पति-पत्नी बोले-खुशहाल जिंदगी जीने छोड़ दिया संगठन



**सुकमा (ए)।** सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को लंबे समय के बाद एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पूना नर्कोम यानी नई सुबह अभियान से प्रभावित होकर जिले में एक नक्सली दंपती समेत कुल 4 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर 3 लाख रुपए तो वहीं अन्य दो पर 2-2 लाख रुपए के इनामी ये सभी माओवादी पिछले कई सालों से संगठन में रहकर सक्रिय थे। इनमें से एक उत्तर बस्तर डिवीजन प्रेस टीम का कमांडर है। सभी नक्सलियों ने एसपी सुनील शर्मा के सामने अपने हथियार डाल दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक, नक्सली मुचाकी सोमड़ा और मुचाकी सोमड़ी को माओवाद संगठन में रहते हुए ही प्यार हुआ। फिर दोनों ने शादी कर ली। लेकिन संगठन में रहकर अपनी जिंदगी नहीं जी पा रहे थे। इसलिए दोनों ने सरेंडर करने के फैसला लिया और सुकमा पुलिस अधीक्षक के सामने आकर दोनों ने सरेंडर कर दिया। मुचाकी सोमड़ा उत्तर बस्तर डिवीजन प्रेस टीम का कमांडर है। इसपर 3 लाख रुपए का इनाम घोषित है, जबकि इसकी पत्नी मुचाकी सोमड़ी प्रेस टीम की सदस्य है। ये दोनों पिछले कई सालों से संगठन में रहकर प्रेस नोट, बैनर, पोस्टर बनाने और चस्पा करने के कार्य किया करते थे।

### अन्य 2 माओवादियों पर है 2-2 लाख का इनाम नक्सली

पोड़ियम रमेश और माड़वी मुड़ा ने भी पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर अपने हथियार डाले हैं। ये दोनों नक्सली भी पिछले कई सालों से माओवाद संगठन में सक्रिय होकर काम कर रहे थे। माड़वी मुड़ा प्लाटून नंबर 17 सेक्शन 'ए' सदस्य है। वहीं पोड़ियम रमेश प्लाटून नंबर 4 का सदस्य है। इन दोनों को माओवादियों पर 2-2 लाख रुपए का इनाम घोषित है। ये दोनों माओवादी हत्या, लूट, आगजनी समेत कई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं।

भाई ने मारकर जमीन में गाड़ दिया

# विवाद हुआ तो पीटा और साथियों के साथ मिलकर घोंटा दिया गला



**जांजगीर (ए)।** जांजगीर जिले में भाई ने ही अपने मौसेरे भाई की हत्या कर दी है। बताया गया है कि यह विवाद पुराने झगड़े को लेकर था। फिर विवाद हुआ तो उसने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर पहले युवक को पीटा। फिर तीनों ने मिलकर युवक का गला घोंट दिया। इसके बाद उसके शव को बाड़ी में दफना दिया था। मकसद था कि इससे किसी को कुछ पता नहीं चल पाएगा। मगर उनकी ये साजिश काम नहीं आई है। मामला मालखरोदा थाना क्षेत्र के परसा गांव का है।

परसा गांव का रहने वाला मयंक सिदार (21) आदतन शराबी था। वह शराब के नशे में घरवालों से झगड़ा किया करता था। कुछ काम धाम भी नहीं करता था। इसी वजह से उसका घर में तो विवाद होता ही था। साथ ही उसके मौसेरे भाई भास्कर(18) से विवाद होता था। बताया जा रहा है कि मयंक गुरुवार रात को अपनी बड़ी मम्मी के बेटे राजा सिदार के साथ बिलासपुर से वापस लौटा था। मयंक अपने भाई के साथ अपनी मां को देखने बिलासपुर गया था। घर के सभी लोग मयंक की मां के बिलासपुर में भर्ती होने के चलते वहीं थे।

### घर में पैसा नहीं देने को लेकर होता था विवाद

जानकारी के मुताबिक, रात को घर लौटने के बाद मयंक का भाई राजा घर के पास ही कुछ दूर में खटिया लगाकर सो गया था। वहीं मयंक, भास्कर के साथ पहले बात कर रहा था। बातचीत करने के दौरान ही दोनों के बीच घर में पैसे नहीं देने को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। कहा जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि भास्कर ने किसी बहाने से अपने 2 साथियों को वहां बुला लिया और मयंक को पीटा। इसके बाद तीनों ने मिलकर उसका गला घोंट दिया। बाद में शव के घर के पीछे बनी बाड़ी में दफना दिया गया। ये सब रात को करीब 1 बजे से 4 बजे के बीच हुआ है।

# 11 साल के बच्चे ने की हत्याः 4 साल के बच्चे को ईंट से सिर कुचल मार डाला



**कोरबा (ए)।** कोरबा में गुरुवार को 11 साल के एक बच्चे ने ईंट से सिर कुचल कर 4 साल के बच्चे की हत्या कर दी। बच्चे का शव देर रात झाड़ियों में पड़ा मिला था। इसके बाद पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड की मदद से आरोपी बच्चे को पकड़ लिया। उसने बताया कि पर्सनल खुन्नस के चलते उसने बच्चे की हत्या की है। पकड़ा गया आरोपी आदतन बाल अपचारी है और चोरी सहित अन्य मामलों में बाल सुधार गृह जा चुका है। मामला कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, नेहरू नगर के मुड़ापार निवासी अंशू दास (4) पुत्र श्याम दास गुरुवार सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर खेलते हुए लापता हो गया था। परिजन उसकी तलाश करते रहे, लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद देर शाम मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो उसने आसपास तलाश शुरू की। इसके बाद डॉग स्क्वॉयड की मदद से पुलिस ने बुधवारी रिकांडो बायपास मार्ग पर पेट्रोल पंप के पीछे झाड़ियों से बच्चे का शव बरामद किया।

बच्चे के सिर पर चोट के निशान मिले और शव के पास ही खून से सनी ईंट भी पुलिस ने बरामद की। इसके बाद फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने साथ लाए डॉग बाघा को बच्चे के कपड़े सुंघाए और उसे लेकर आगे बढ़े तो वह बस्ती की ओर भागा है और एक घर में दाखिल हो गया। इस दौरान घर में मौजूद 11 साल के बच्चे को देखकर भौंकने लगा, जैसे ही पुलिस ने ढील छोड़ा, बाघा ने नाबालिक पर झपट्टा मार दिया।

इस पर पुलिस ने बच्चे को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ की तो उसने अंशू की हत्या करना कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि दो-तीन महीना पहले उसका अंशू से झगड़ा हुआ था। इस पर अंशू ने उसे पत्थर फेंककर मारा था। इसी बात को लेकर उसे अंशू से खुन्नस थी। उसने बहाने से बच्चे को अपने पास झाड़ियों में बुलाया और वहां ईंट से वार कर उसे मार दिया। आरोपी बच्चे ने बताया कि यह सब उसने बदला लेने के लिए किया।

बस्ती वालों ने लगाया जाम, आरोपी के परिवार को हटाने की मांगवारदात सामने आने के बाद बस्ती वालों का गुस्सा भड़क गया है। उन्होंने सड़क पर चक्का जाम कर दिया है। लोग आरोपी के परिवार को बस्ती से बाहर करने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनका बच्चा आदतन अपराधी है। हमेशा चोरी और अन्य कामों में पकड़ा जाता था, लेकिन नहीं पता था कि वह इतने छोटे बच्चे की हत्या भी कर देगा। आरोपी और उसके परिवार से पूरी बस्ती को खतरा है। फिलहाल सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर है।


भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर



### टीपीएल वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के टीपीएल वर्कषॉप द्वारा दिनांक 20 अप्रेल, 2022 को प्रातः 08.45 बजे से सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन महाप्रबंधक (टीपीएल) श्री अषोक कुमार के नेतृत्व में टीपीएल वर्कषॉप मार्ग फरेस्ट अवेन्यु (अग्नि षमन मुख्यालय के निकट) किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक (टीपीएल) अशोक कुमार ने वाहन चालकों से वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति को नियंत्रित रखने का आग्रह किया। यातायात एवं सड़क संबंधित सुरक्षा के नियमों का पालन करने की भी अपील की। इस कार्यक्रम का संचालन श्री अनील कुमार फुले (विभागीय सुरक्षा अधिकारी) टीपीएल वर्कषॉप ने किया। इस अवसर पर अनील कुमार फुले, (सहायक प्रबंधक) एवं टीपीएल वर्कषॉप के समस्त कार्मिक हाथों में तक्तिया लेकर सड़क पर चल रहे यातायात की ओर उन्मुख होकर कोविड-19, मास्क पहनना, हेलमेट पहनना एवं सीट बेल्ट बांधने संबंधित सावधानियों को प्रदर्षित कर रहे थे।

### बीएसपी द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2022 का आयोजन

**भिलाई।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधायें विभाग द्वारा दिनांक 06 मई, 2022 से 09 जून, 2022 तक स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2022 में शामिल 22 खेलों में विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के हॉल एवं क्रीड़ागणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। 22 खेलों की सूची निम्न है - एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, षतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंण्डबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, टेनिस, टेबल टेनिस, वालीबॉल, योगा, खो-खो, कबड्डी, पावर लिफ्टिंग, सायकल पोलो, जिम्नास्टिक, फेंसिंग।

मुख्यमंत्री ने दुर्ग में सर्जिकल विंग-हमर लैब का किया लोकार्पण

# शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल फैसिलिटी वाले हाइटेक जिला अस्पताल में मरीजों का हो सकेगा बेहतर उपचार

**जिला अस्पताल में 7 करोड़ रूपए की लागत से तैयार किया गया है सर्जिकल विंग**

**हमर लैब में मरीजों को कम कीमत पर उपलब्ध होगी टेस्ट की सुविधा: 50 लाख रूपए की लागत से स्थापित की गई है हमर लैब**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला चिकित्सालय दुर्ग में सर्जिकल विंग और हमर लैब का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमर लैब के प्रारंभ होने से जिला अस्पताल में चिकित्सा सुविधाएं और भी बेहतर हो जाएंगी। यहां किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के चिकित्सा संबंधी टेस्ट अब कम कीमत पर हो सकेंगे। एक ओर जहां निजी संस्थान में उक्त सभी महंगे टेस्ट होते हैं।हमर लैब के शुरू होने से यहा आने वाले मरीजों को कम कीमत पर आसानी से सभी टेस्ट उपलब्ध हो जाएंगे। हमर लैब की स्थापना 50 लाख रुपये की लागत से की गई है।

श्री बघेल ने लोकार्पण के पश्चात् स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव और जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों और उनकी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को सर्जिकल विंग और हमर लैब की शुभारंभ के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। लोकार्पण के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया, गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, विधायक श्री अरुण वोरा की उपस्थिति में श्री सिंहदेव वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए।

सर्जिकल यूनिट को 7 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इसमें 10 बेड आईसीयू के है। हाइटेक सर्जिकल यूनिट के साथ ही क्रिटिकल केयर की सुविधा से जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। जिला अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से जहां मरीजों को लाभ पहुंचेगा, वहीं मरीजों को इलाज के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आशा अभियान का शुभारंभ भी किया। इस अभियान के अंतर्गत सेरेब्रल पाल्सी वाले बच्चों को पोषित करने विशेष कार्यक्रम चलाया जाएगा। ऐसे बच्चों से आज मुख्यमंत्री मिले।

उन्होंने अभियान की प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने किशोरी छात्राओं के हिमोग्लोबिन जांच के अभियान की शुरुआत भी की।

इस अवसर पर महापौर श्री धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, एसपी श्री बद्रीनारायण मीणा, नगर निगम दुर्ग आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारती विश्वविद्यालय में मना विश्व पृथ्वी दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में शुक्रवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण, ऑनलाईन वेबिनार, पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण से की गई। यह वृक्षारोपण प्रो. ललित पी. भैया, डॉ. मनोज कुमार मौर्य, डॉ. शशिकांत ताम्रकार, डॉ.प्रशांत सुद्दलवार, डॉ. फूलेस्वर वर्मा, ए. विश्वनाथ, प्रशांत ताम्रकार एवं छात्रों द्वारा कराया गया। इसके पश्चात विज्ञान विभाग के डॉ. फूलेस्वर वर्मा द्वारा छात्रों हेतु पोस्टर एवं पेन्टिन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज के इस पृथ्वी दिवस का समापन जंतु विज्ञान विभाग की डॉ. समन सिद्दीकी द्वारा आयोजित वेबिनार द्वारा किया गया। वेबिनार के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.निस्रीन हुसैन (विभागाध्यक्ष, जंतु विभाग, शास. डॉ. वा.वा. पाटनकर स्ना. कन्या महाविद्यालय को आमंत्रित किया गया था। आपने पृथ्वी दिवस के महत्व, इतिहास, लक्ष्य एवं भविष्य की चुनौतियों को हम सभी के समक्ष रखा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर एवं कुलपति महोदय प्रो. डॉ.एच. के.पाठक की गरिमामयी उपस्तिथि ने कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। आज के इस सम्पूर्ण दिवस को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाने की रूपरेखा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार के द्वारा तैयार की गयी थी जिसे डॉ. निधि वर्मा एवं डॉ.उदय अढ़ाऊ द्वारा मूर्त रूप दिया गया। सहभागिता से सफल बनाया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के विद्यार्थियों अश्विनी कुमार साहू तथा अन्य द्वारा वृक्षारोपण एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट सहभागिता दी। एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित कुमार वर्मा व डॉ.स्नेह कुमार मेश्राम भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# बीएसपी में विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा दिनांक 22 अप्रेल, 2022 को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अन्य कार्यक्रमों के अलावा एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट-बी एरिया में किया गया।**

इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेषक (प्रोजेक्ट) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेषक (पी एंड ए) श्री के के सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। अतिथिगणों द्वारा वकुल प्रजाति के वृक्ष के पौधे का रोपण किया गया। इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस का मुख्य विषय था अपने ग्रह में निवेश करें।

इसी संदर्भ में कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी ग्रह पर पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने हेतु किये जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

सीजीएम (पर्यावरण) श्री दिब्येंदुलाल मोइत्रा ने भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पर्यावरण के बचाव हेतु किये गए कार्यों का विवरण दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओएचपी-बी की टीम ने सीजीएम (ओएचपी) श्री बी एल चांदवानी के नेतृत्व में अपना योगदान दिया।

# पार्षद निधि से होगा विकास, आयुक्त ने मांगा प्रस्ताव




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। नवगठित नगर पालिक निगम रिसाली के जनप्रतिनिधि चालू वित्तीय वर्ष में पार्षद निधि का उपयोग कर सकेंगे। राज्य सरकार का पत्र मिलते ही निगम ने 40 वार्डों के पार्षदों से विकास कार्य कराने प्रस्ताव मांगा हैं। खास बात यह है कि पार्षद निधि से होने वाले कार्य निर्धारित है।**

नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन ने सभी पार्षदों के लिए सर्कुलर जारी किया है। जिसमें अपने वार्डों में कराए जाने वाले प्रस्तावित कार्य का प्रस्ताव मांगा गया है। आयुक्त ने बताया कि क्षेत्र में तेजी से विकास हो इसी उद्देश्य के साथ वे प्रस्ताव मांग रहे है। शासन के निर्देश मिलते ही वे टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य आरंभ कराऐंगे।

### निधि की राशि बढ़ी

खास बात यह है कि पूर्व में विकास कार्य करने प्रत्येक पार्षद निधि 4 लाख रूपए और महापौर निधि 75 लाख रूपए था। वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पार्षद व महापौर निधि में ढेड़ गुना राशि की बढ़ोत्तरी की है।

### पार्षदों द्वारा निधि से कराए जाने वाले कार्य

- शासकीय शालाओं में विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था हेतु फर्नीचर क्रय।
- पाईप लाईन विस्तार।
- नवीन सीमेंट काक्रीट मार्ग नाली सहित निर्माण।
- सार्वजनिक/सामुदायिक/सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था।
- छ.ग. राज्य विद्युत मण्डल के माध्यम से विद्युत खम्भा एवं विद्युत लाईन विस्तार तथा विद्युत खम्भे एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का कार्य।
- वार्ड में उपयुक्त स्थान मिलने पर स्कूली बच्चों एवं नागरिकों के लिए बस स्टाप का निर्माण।
- जिम सामग्री क्रय। (जिम का संचालन एवं संधारण स्थानीय युवकों के समिति के माध्यम से निर्धारित शुल्क वसूली करने की शर्त पर।)
- शासकीय स्कूल एवं अनुदान प्राप्त शालाओं के उद्यान एवं सार्वजनिक उद्यानों में खेल-कुद हेतु फिसलपट्टी, बेंच कुर्सी क्रय करने हेतु।
- मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य।
- छोटे उद्यानों का निर्माण।
- मूत्रालय का निर्माण।

# गर्ल्स कॉलेज में गुरु संग गोठ का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वुमेन सेल के तत्वाधान में ''गुरू संग गोठ'' का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि वुमेन सेल ने अभिनव प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच संवाद का कार्यक्रम रखा। वर्तमान जीवन शैली-युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी विषय के अंतर्गत संवाद आयोजित किया गया।**




प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवनशैली की जटिलता ने भावनाओं और दृष्टिकोण को भी जटिल बनाया है। हमारी सोंच का दायरा बढ़ा है, शिक्षा, पुस्तकों, इंटरनेट से विचार क्षमता में वृद्धि हुई है। उन्होनें कहा कि अतीत में लोगों का दृष्टिकोण अधिक शांतिपूर्ण एवं सरल रहा है। क्योंकि उनके पास कोई जटिल आर्थिक, सामाजिक समस्याएँ नहीं थी। जीवन शैली में बदलाव ने शिक्षा, रहन-सहन खान-पान को प्रभावित किया है। गृहविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने आहार एवं पोषण के जीवन-शैली में प्रभाव पर विचार रखे तो समाजशास्त्र की प्राध्यापक डॉ. मोनिया राकेश ने सामाजिक दायित्वों के प्रभाव को रेखांकित किया। एम.ए. समाजशास्त्र की जया यादव ने युवा पीढ़ी के दायित्वों तथा गरिमा गंगबेर ने शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की।

नृत्य विभाग की प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने शारीरिक अभ्यास एवं नृत्य पर रोचक जानकारी दी। डॉ. आरती गुप्ता ने योग का जीवन-शैली में प्रभाव पर विस्तार से बताया। नृत्य की छात्रा कु. शारदा, काजल एवं दीपा ने भारतनाट्यम की आधार मुद्राओं का प्रदर्शन किया जिसे सभी ने सराहा। डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, मधु पाण्डेय ने भी संवाद में हिस्सा लिया। छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब शिक्षकों ने दिया। वुमेन सेल की सुषमा यादव, लता मेश्राम, ज्योति भरणे ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थी।

# वोरा की पहल पर शहर को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान

### वार्डों के आंतरिक विकास के लिए सीएम से बताई 50 करोड़ की आवश्यकता, 10 करोड़ की पहली किश्त स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग शहरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले के कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, शिव डहरिया, वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ 5 घंटे से अधिक समय तक विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया एवं गंज मंडी में आयोजित आमसभा को संबोधित किया।**



शहर विधायक वोरा ने सभा को संबोधित करते हुए अपनी सरकार के कार्यों एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व व दूरदर्शिता की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों से दुर्ग में विकास के पहिए पूरी तरह से थमे हुए थे। माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद तीन वर्षों में हमने बड़ी उपलब्धियां प्राप्त की हैं। 500 करोड़ से अधिक राशि के काम दुर्ग शहरी क्षेत्र को बेहतर एवं स्मार्ट बनाने व सीमावर्ती ग्रामों को जिला मुख्यालय से बेहतर कनेक्टिविटी देने के कल्याणकारी उद्देश्य से अभी वर्तमान में प्रगतिरत हैं।

उन्होंने कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि नेहरू नगर चौक से अंजोरा तक 118 करोड़ से मुख्यमार्ग उन्नयन, 12 करोड़ से मार्ग में प्रकाश व्यवस्था, 14 करोड़ से ठगड़ाबांध पिकनिक स्पॉट, 14 करोड़ से शंकर नाला सुदृढ़ीकरण, 3.5 करोड़ के पुलगांव नाला डायवर्सन,एवं प्रमुख मार्गों में दुर्ग को अंडा, धमधा, रुआबाँधा, कोडिया जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों से जोड़ने के लिए करोड़ों की सड़कों का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने आत्मानंद स्कूल को अनूठी पहल बताते हुए बोरसी एवं पटरी पार में 2 और आत्मानंद स्कूलों की मांग की साथ ही शहर के वार्डों के आंतरिक विकास के लिए 50 करोड़ की आवश्यकता बताई। वोरा ने कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ साथ शहर की खेल प्रतिभाओं को मंच देने जवाहर नगर में मिनी स्टेडियम एवं सिविल लाइन में राष्ट्रीय स्तर के एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान की मांग रखी जिसपर जनता ने तालियां बजा कर एवं नारेबाजी से वोरा का जबरदस्त अभिवादन किया। वोरा की मांगों को तत्काल गंभीरता से लेते हुए सीएम भूपेश बघेल ने दुर्ग में राष्ट्रीय स्तर के एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान की घोषणा की एवं साथ ही वार्डों के आंतरिक विकास के लिए प्रथम किश्त में 10 करोड़ की राशि भी नगर निगम दुर्ग के लिए स्वीकृत की। वरिष्ठ मंत्री रविन्द्र चौबे ने चुटकी लेते हुए कहा कि अरुण वोरा दुर्ग शहर की जनता के साथ मुख्यमंत्री के भी लाडले हैं साथ ही वरिष्ठ विधायक हैं।

मुख्यमंत्री उनकी सभी मांग स्वीकृत करते हैं। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी वोरा की तारीफ करते हुए उन्हें देश का सबसे सक्रिय विधायक बताते हुए कहा कि शहर एक एक गली कूचे में जाने वाले एवं हमेशा जनहित की आवाज उठाने वाले अरुण वोरा के साथ शहर विकास की ओर लगातार अग्रसर होता रहेगा।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950